## न्यूज ब्रीफ

### व्यक्ति का शव मिला शिनाख्त नहीं

**सैदनगर, अमृत विचार :** मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के पास हॉकी स्टेडियम के नजदीक शव मिला है। मंगलवार रात करीब 9 बजे पुलिस को सूचना मिली किसी व्यक्ति का शव रास्ते में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज उत्तम मलिक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर शव की पहचान कराने की कोशिश की। लेकिन कोई भी ग्रामीण मृतक की शिनाख्त नहीं कर सका। इस दौरान मृतक के कपड़ों आदि से भी कोई कागज पुलिस को नहीं मिला। मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान आदि भी नहीं दिखाई दिए। देर रात को ही पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचा दिया। थानाध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया मौत का स्पष्ट कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। व्हाट्सएप ग्रुपों पर मृतक का फोटो शेयर कर पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### ओवरब्रिज की स्वीकृति मंत्री का आभार जताया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांठ में मुरादाबाद हरिद्वार राजमार्ग 49 पर पड़ने वाले मुरादाबाद सहारनपुर रेल लाइन के क्रॉसिंग 432बी पर ओवर ब्रिज निर्माण के लिए मिली स्वीकृति पर खुशी जताई गई। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका ने बताया कि पूर्व में उन्होंने राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जफर इस्लाम के सहयोग से केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से लोकसभा में मुलाकात की थी। कांठ रेलवे क्रॉसिंग के विषय में दिसंबर 2022 को रेलमंत्री को पत्र दिया गया था। रेल मंत्री ने संज्ञान लेकर जल्द बनवाने का आश्वासन दिया था। अब उन्होंने क्षेत्र वासियों को ओवरब्रिज का तोहफा दिया है। कांठ नगर में ओवर ब्रिज बनने से क्षेत्र ही नहीं बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिलेगा।

### अवध आसाम एक्स. का नलबाड़ी में होगा ठहराव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गाड़ी संख्या 15909/15910 डिब्रूगढ़–लालगढ़ डिब्रूगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस का पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के नलबाड़ी स्टेशन पर ठहराव करने का निर्णय रेल प्रशासन ने किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे आदित्य गुप्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 15909/15910 डिब्रूगढ़–लालगढ़–डिब्रूगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस का नलबाड़ी स्टेशन (पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे) पर ठहराव दिया गया है।

## शव रखकर जाम लगाने में 14 नामजद व 50 अज्ञात पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कमालपुर शाहपुर निवासी अजय का शव 8 फरवरी को फंदे पर लटका मिला था

**अमृत विचार :** हयातनगर क्षेत्र में युवक की संदिग्ध हालात में मौत के बाद परिजनों व ग्रामीणों द्वारा संभल-गवां रोड पर मृतक का शव आधा घंटा तक सड़क पर जाम लगाने के मामले में पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए 14 नामजद तथा 40-50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

8 फरवरी की सुबह थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर शाहपुर निवासी अजय कुमार पुत्र मुन्नू का शव उसके घर में पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला था। 9 फरवरी को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर गांव लौट रहे थे तभी युवक हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर गांव मोतीनगर के निकट संभल-गवां रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया था। जाम की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कुलदीप सिंह एवं क्षेत्राधिकारी आलोक भाटी चार थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और आश्वासन देकर जाम खुलवाया था। जाम की वजह से मुख्य मार्ग पर आधा घंटा तक यातायात बाधित रहा था।

बुधवार को थाना हयातनगर में उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र ने संजीव, दानवीर, सुखवीर, संजू पुत्र मुन्नू, दानवती व उपासना पुत्री मुन्नू, राजेंद्र पुत्र नत्थू, प्रदीप पुत्र राजेंद्र तथा मृतक अजय की मौसी, मौसा, मौसेरी बहन, मौसरे जीजा, मामा और मामी सहित 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। थाना प्रभारी उमेश सोलंकी ने बताया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### नींद, संतुलित आहार और योजनाबद्ध पढ़ाई से बढ़ेगा आत्मविश्वास, टॉपर्स ने साझा किए अनुभव

# बोर्ड परीक्षा में तनाव प्रबंधन ही सफलता की कुंजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाएं एक सप्ताह में शुरु होने वाली हैं। ऐसे में छात्र-छात्राओं के मन में तनाव और घबराहट को दूर करने के लिए उपाय जरूरी है। विशेषज्ञों और टॉपर्स का मानना है कि सही रणनीति, सकारात्मक सोच और अनुशासित दिनचर्या से परीक्षा को आसान बनाया जा सकता है। परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ तनाव प्रबंधन पर ध्यान देना उतना बहुत जरूरी है।

विशेषज्ञों के अनुसार विद्यार्थियों को रोजाना 7 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद लेनी चाहिए, ताकि दिमाग तरोताजा रहे और एकाग्रता बनी रहे। देर रात तक जागकर पढ़ाई करने से याददाश्त और ध्यान क्षमता प्रभावित होती है, जिससे तनाव और बढ़ सकता है। संतुलित व पौष्टिक आहार, पर्याप्त पानी और हल्का व्यायाम या टहलना भी मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है। पढ़ाई के दौरान हर घंटे 15-20 मिनट का ब्रेक लेना जरूरी है, जिससे मानसिक थकान कम होती है।

शिक्षकों का कहना है कि रटने की बजाय विषय के कॉन्सेप्ट को समझना अधिक लाभदायक होता है। खासतौर पर पिछले 10 वर्षों के प्रश्नपत्र हल करने से प्रश्नों के पैटर्न की स्पष्ट समझ बनती है और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। परीक्षा से एक रात पहले नए टॉपिक पढ़ने या रट्टा लगाने से बचना चाहिए।

कैफीन युक्त पेय पदार्थों से दूरी और सकारात्मक सोच बनाए रखना भी तनाव कम करने में मददगार है।

सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखना और माता-पिता के साथ संवाद बनाए रखना भी छात्रों के लिए संबल बनता है। पिछले वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राओं ने भी अपनी सफलता का श्रेय सही समय प्रबंधन और तनावमुक्त तैयारी को दिया है।



डॉ. देवेंद्र पाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा के समय संयम और अनुशासन बनाए रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि योजनाबद्ध पढ़ाई, नियमित अभ्यास और सकारात्मक वातावरण छात्रों को बेहतर परिणाम दिलाता है। माता-पिता को भी चाहिए कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि उनका मनोबल बढ़ाएं।



मनोवैज्ञानिक डॉ. कुमार मंगलम सारस्वत के अनुसार परीक्षा का तनाव स्वाभाविक है, लेकिन यदि समय रहते इसका प्रबंधन कर लिया जाए तो यह नुकसानदेह नहीं होता। उन्होंने कहा कि पर्याप्त नींद, कैफीन से परहेज, खुलकर संवाद और सोशल मीडिया से दूरी तनाव को कम करती है। सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास ही परीक्षा में सफलता की असली कुंजी है।



इरम फातिमा (96 .33 प्रतिशत, प्रदेश में दसवां स्थान) ने कहा कि मानसिक शांति सबसे जरूरी थी। पढ़ाई के बीच छोटे-छोटे ब्रेक लिए, रात में देर तक जागने से हमेशा बची। संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या अपनाई। कठिन विषयों को सुबह पढ़ा। पिछले 10 साल के प्रश्नपत्रों से काफी मदद मिली। परीक्षा से एक दिन पहले केवल रिवीजन किया। खुद पर विश्वास रखकर ही सफल हो सकी।



ऋतु गर्ग (97 .50 प्रतिशत, प्रदेश में तृतीय स्थान) ने बताया कि परीक्षा को बोझ नहीं, बल्कि एक अवसर के रूप में देखा। हर विषय के लिए समय तय किया। रटने के बजाय कॉन्सेप्ट समझने पर ज्यादा ध्यान दिया। रोजाना पर्याप्त नींद लेना मेरी दिनचर्या का हिस्सा था। सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी। पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों ने आत्मविश्वास बढ़ाया। माता-पिता और शिक्षकों का सहयोग मेरी सबसे बड़ी ताकत रहा।

# दीवान शुगर मिल में मशीन की बेल्ट में फंसकर मजदूर की मौत

### परिजनों ने प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाकर किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सूचना पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी और एसपी सिटी
- परिवार वालों ने एडीएम सिटी से की मुलाकात

**अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली के अगवानपुर स्थित दीवान शुगर मिल में मंगलवार देर रात एक कर्मचारी की काम करने के दौरान मशीन की चेन बेल्ट में फंसकर मौके पर ही मौत हो गई।



मृतक अरविंद।

कर्मचारी के परिवार वालों ने प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। पत्नी ने परिजनों के साथ एडीएम सिटी से मुलाकात की। भाई के अनुसार मंगलवार की रात 12 बजे अरविंद बेल्ट की चेन के पास कार्य कर रहा था तभी मशीन में फंस गया। उस समय एक साथी ने मशीन बंद करने के लिए कहा, लेकिन कुछ अन्य स्टाफ ने समय पर मशीन का संचालन नहीं रोका जिससे अरविंद की जान चली गई।

परिवार वालों का आरोप है कि हादसे के करीब छह घंटे बाद उन्हें सूचना दी गई। जिसके बाद वह पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को बुलाया गया। मौके पर क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस, एसपी सिटी सहित तीन थानों की फोर्स और फॉरेंसिक टीम पहुंची और साक्ष्य जुटाए।

परिजनों ने मिल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि मिल परिसर में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन प्रबंधन दबाव बनाकर समझौता कर लेता है। जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है।

प्रबंधक ने सीधे कुछ कहने से इनकार कर दिया लेकिन व्यवस्थाओं में कमी स्वीकार कर इसमें सुधार कराने का आश्वासन दिया है।



अरविंद के परिजनों से जानकारी लेतीं एडीएम सिटी। ● अमृत विचार

> अरविंद के परिजनों और मिल प्रबंधन के बीच समझौता हो गया है। मुआवजे के रूप में 13 लाख की धनराशि तय हुई। जिसमें एक लाख नकद और 12 लाख रुपये का चेक परिजनों को दिया गया। इसके बाद मृतक के परिजनों ने कार्रवाई न करने की बात लिख कर दी है।
>
> – **मनीष सक्सेना**, प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन कोतवाली

# अवैध अस्पतालों पर कसा शिकंजा, तीन सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- संयुक्त निरीक्षण में उपकरण जब्त तीन अपंजीकृत डॉक्टर चिन्हित

**अमृत विचार :** डीएम के आदेश पर नगर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और क्लीनिकों के खिलाफ जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों ने बुधवार को अभियान चलाया। जांच में तीन अस्पतालों को सील किया गया, जबकि कई से चिकित्सीय उपकरण जब्त किए गए।

अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम अभय सिंह और डिप्टी सीएमओ डॉ. विकास कुमार सिंह की टीम ने सलमा नासिर क्लीनिक और अंसार पाइल्स क्लीनिक का निरीक्षण किया। अंसार पाइल्स क्लीनिक अवैध रूप से संचालित मिला, जिसे तत्काल सील कर दिया गया। सलमा नासिर क्लिनिक बंद मिला। अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय प्रिंस व डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल की टीम ने एकता विहार, रामपुर दौराहा स्थित चांद हॉस्पिटल पर छापा मारा। अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर संचालित मिला लेकिन पंजीकरण व मानक पूरे नहीं थे। टीम ने ऑपरेशन थिएटर के उपकरण जब्त कर लिए। इसी टीम ने आशियाना क्लीनिक का निरीक्षण किया, जहां अवैध रूप से इलाज किया जा रहा था। वहां से भी चिकित्सीय सामान जब्त किया गया। डिप्टी कलेक्टर माधव उपाध्याय और डिप्टी सीएमओ डॉ. आरके शर्मा की टीम ने आरिफ मेमोरियल हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। अस्पताल अवैध रूप से संचालित मिलने पर उसे सील कर दिया गया।

कोहिनूर तिराहा, करूला स्थित दीप नर्सिंग होम के निरीक्षण में अस्पताल बंद मिला। संचालक व मकान मालिक ने लिखित में बताया कि एक सप्ताह पूर्व संचालन बंद कर दिया गया है, हालांकि पंजीकरण सरेंडर की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई थी। मौके पर कोई मरीज भर्ती नहीं मिला। उपजिलाधिकारी न्यायिक, कांठ अमित कुमार और प्रभारी चिकित्साधिकारी पाकबड़ा डॉ. कुलजीत सिंह ने गांगन तिराहा स्थित इंडियन हेल्थ केयर का निरीक्षण किया। संस्थान पंजीकृत मिला, लेकिन सफाई व अभिलेखों के रखरखाव में कमियां पाई गईं। संचालक को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। तीन अपंजीकृत व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



रामपुर दोराहा स्थित चांद हॉस्पिटल पर छापेमारी करती टीम। ● अमृत विचार

> बिना पंजीकरण और मानकों के विपरीत संचालित चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।
>
> –**डॉ. कुलदीप सिंह**, सीएमओ

# पुलिस चौकी से चंद कदम दूरी पर वर्कशॉप में चोरी

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- पड़ोसियों ने मालिक को दी जानकारी, मौके पर टूटे थे ताले

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र स्थित पंडित नगला पुलिस चौकी के पास एक कार मरम्मत करने वाली वर्कशॉप में मंगलवार की रात ताला तोड़कर चोरों ने सामान चोरी कर लिया। हालांकि वर्कशॉप से 50 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी है। बुधवार की सुबह वर्कशॉप खोलने पहुंचे उसके मालिक को ताले टूटे मिले। इस पर उसने पुलिस को सूचना दी।

वर्कशॉप स्वामी निवासी मकबरा मुस्तफा अहमद ने बताया 10 फरवरी की रात दुकान बंद कर वह घर चले गए थे। उस समय वर्कशॉप में सामान सुरक्षित था। 11 फरवरी की सुबह करीब 7 बजे पड़ोसियों ने उन्हें फोन कर दुकान में चोरी की जानकारी दी। मौके पर पहुंचने पर देखा कि वर्कशॉप से हजारों रुपये कीमत के औजार और वाहनों के स्पेयर पार्ट्स चोरी हो चुके थे। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक कटघर कोतवाली विनोद कुमार ने बताया कि वर्कशॉप खुले में चलता है। पुलिस जांच कर रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लोगों ने घटना को लेकर आक्रोश जताते हुए कहा कि आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस व्यवस्था से विश्वास उठ रहा है।

# अधिवक्ता को गोली लगते ही मच गई भगदड़

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वेतन काटने को लेकर शुरू हुए विवाद में अधिवक्ता की हत्या जिला पंचायत परिसर में बुधवार को दिन दहाड़े जिला पंचायत के मुख्य लिपिक ने गोली मारकर कर दी। घटना के वक्त अधिवक्ता की पत्नी मौके पर मौजूद थीं। फायरिंग की आवाज सुनते ही जिला पंचायत कार्यालय में भगदड़ मच गई। किसी तरह अधिवक्ता की पत्नी ने भागकर जान बचाई।

सूत्रों के अनुसार अधिवक्ता फारुख अहमद खान की पत्नी गौसिया जिला पंचायत कार्यालय में क्लर्क हैं। यहीं पर पटवाई क्षेत्र के मिलक तहव्वुर गांव का असगर अली भी हेड क्लर्क के पद पर तैनात है। कुछ दिन पूर्व अधिवक्ता फारुख अहमद खान की पत्नी गौसिया खान कार्यालय लेट पहुंची थी। जिससे उनका वेतन काट लिया गया था। बुधवार को पत्नी के साथ फारुख जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे। उन्होंने समझा कि वेतन हेड क्लर्क असगर अली ने काटा है। गौसिया और हेड क्लर्क के बीच वेतन कटौती को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि कई बार गौसिया और असगर अली के बीच इसको लेकर पहले भी विवाद हो चुका है। इसी को लेकर अधिवक्ता फारुख अहमद खान और असगर अली के बीच कहासुनी होने लगी। विवाद इतन बढ़ गया कि दोनों के बीच मारपीट होने लगी। इसी बीच असगर अली ने अपना लाइसेंसी पिस्टल निकाला और अधिवक्ता पर बट से हमला कर दिया। बताया जाता है कि इसके बाद भी अधिवक्ता की हिम्मत के आगे असगर अली टिक नहीं सका। तब उसने उन पर ताबड़तोड़ तीन गोलियां चला दीं। दो गोलियां अधिवक्ता के बाईं ओर लगीं और वहीं पर गिर गए। गोलियों की आवाज सुनकर जिला पंचायत परिसर में भगदड़ मच गई। वहीं गौसिया खान भी बदहवास होकर बाहर की ओर भागी और लोगों से पति को बचाने की फरियाद करने लगीं। बताया जाता है कि आरोपी असगर अली भी मारपीट में मामूली रूप से घायल हुआ है।



जिला अस्पताल में भर्ती घायल पत्नी गौसिया व मौजूद परिजन। ● अमृत विचार



सीसीटीवी में महिला को बट मारते आरोपी हुआ कैद। ● अमृत विचार



जिला अस्पताल में लगी अधिवक्ता व स्थानीय लोगों की भीड़। ● अमृत विचार



कमरे में ताला बंद करती पुलिस टीम।

### गौसिया ने पकड़ने का किया प्रयास तब किया हमला

पति को गोली लगने के बाद गौसिया पहले बाहर की ओर भागीं, बाद में आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। तब आरोपी ने गौसिया खान पर भी बट से हमला कर दिया। जिससे उनके सिर में चोट लगी है। गौसिया पर हमला करते हुए आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गया है। जब गौसिया गिर गईं तो वह कैबिन की ओर भाग गया, लेकिन वह फुटेज मिल नहीं सकी हैं। पुलिस ने कमरे को सील कर दिया है और डीवीआर कब्जे में ले ली है।

### सांसद ने दुख जताया, कार्रवाई की मांग



रामपुर के माननीय सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने अधिवक्ता फारुख खान की निर्मम हत्या पर गहरा दु:ख और रोष व्यक्त किया है। सांसद ने इस घटना को कानून व्यवस्था पर एक गंभीर प्रहार और रामपुर के अधिवक्ता समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। सांसद नदवी ने कहा कि दु:ख की इस घड़ी मैं पूरी तरह से उनके परिवार और रामपुर के अधिवक्ता समाज के साथ हूं। उन्होंने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से जघन्य अपराध के दोषी को कानून के दायरे में लाकर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने बच्चों को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने और कचहरी परिसर और अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है।

### अधिवक्ता की हत्या की गहनता से जांच हो



जिला पंचायत सदस्य एवं एडवोकेट मुस्तफा हुसैन ने घटना की निंदा की है। उन्होंने हत्या की गहनता से जांच करवाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि एक अधिवक्ता की दिनदहाड़े हत्या से कानून व्यवस्था पर सवाल है। साथ ही जिला पंचायत की गरिमा को भी ठेस पहुंची है। जिससे जिला पंचायत सदस्यों की सुरक्षा पर भी सवाल उठा है। पुलिस प्रशासन को मामले की गंभीरता को समझते हुए कार्रवाई करनी चाहिए।

### अधिवक्ताओं का जिला अस्पताल में हंगामा

हत्याकांड के बाद अधिवक्ताओं ने जिला अस्पताल की इमरजेंसी में जमकर हंगामा किया। एसपी विद्यासागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ डीएम अजय कुमार द्विवेदी भी जिला अस्पताल पहुंचे। आक्रोशित परिजनों को समझाने का प्रयास किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिवक्ता का प्राथमिकता से पोस्टमार्टम कराया गया। जिससे मामला तूल ना पकड़ सके।

> जिला पंचायत कार्यालय के बाबू असगर ने गोली मारकर फारुख की हत्या की है। झड़प में उसे भी गोली लगने की बात सामने आई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही हिरासत में ले लिया गया है। मामले में जांच चल रही है, ड्यूटी को लेकर कुछ कहासुनी का मामला सामने आया है। मामले में दो लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।
>
> – **विद्या सागर मिश्र**, एसपी

## यूपी बोर्ड परीक्षा | 18 फरवरी से शुरू हो रही परीक्षाओं के लिए नियम लागू

# 30 मिनट की देरी पर भी परीक्षा केंद्र में मिलेगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- केंद्र व्यवस्थापकों को अधिकार बोर्ड के उच्चाधिकारियों ने डीआईओएस को दिया निर्देश

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षार्थियों को केंद्र पर निर्धारित समय के बाद भी अधिकतम 30 मिनट की देरी तक प्रवेश दिया जा सकेगा। इसके लिए केंद्र व्यवस्थापकों को अधिकार प्रदान किए गए हैं। इस संबंध में बोर्ड के उच्चाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इससे ज्यादा देर से आने वालों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि प्रश्नपत्रों की कुल परीक्षा अवधि 3 घंटे 15 मिनट निर्धारित है। इसमें से प्रारंभिक 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए दिए जाएंगे, जिससे वह प्रश्नों को समझकर व्यवस्थित ढंग से उत्तर लिख सकें। दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों को विशेष सुविधा प्रदान की गई है। उन्हें निर्धारित समय के अतिरिक्त प्रति घंटे 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा, जिससे वे बिना किसी दबाव के परीक्षा पूरी कर सकें। परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कम से कम 50 प्रतिशत स्टाफ बाह्य विद्यालयों से नियुक्त किया जाएगा। विशेष रूप से स्ववित्तपोषित विद्यालयों में राजकीय और सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के 50 प्रतिशत वाह्य कर्मचारियों की तैनाती अनिवार्य की गई है। इसके अलावा उत्तर पुस्तिकाओं पर मुद्रित क्रमांक को परीक्षार्थियों द्वारा उपस्थिति पत्रक पर अंकित किया जाएगा, जिसकी पुष्टि कक्ष निरीक्षक करेंगे। रिजर्व प्रश्नपत्र सेट से संबंधित अलमारी को लॉक रखने और आकस्मिक स्थिति में उसे खोलने की प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव के निर्देश के बाद ही पूरी की जाएगी।

### 112 केंद्रों पर 75,758 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

जिले में 112 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां सीसीटीवी की निगरानी रहेगी। नकल व अन्य अनुचित गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए तीन सचल दल गठित किया गया है। पहले सचल दल की जिम्मेदारी संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मनोज कुमार द्विवेदी को सौंपी गई है। वहीं दूसरे सचल दल के प्रभारी प्रीतम सिंह को बनाया गया है, जबकि तीसरे सचल दल की कमान एडी बेसिक को दी गई है। ये सचल दल परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई करेंगे। कक्षा 10वीं में 39,559 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इनमें 19,583 छात्राएं और 19,976 छात्र शामिल हैं। वहीं, कक्षा 12वीं की परीक्षा में 36,199 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे, जिनमें 17,532 छात्राएं और 18,667 छात्र पंजीकृत हैं। इस प्रकार दोनों कक्षाओं को मिलाकर 75,758 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में हिस्सा लेंगे।

# शिव योग सहित दस शुभ योगों में मनाई जाएगी महाशिवरात्रि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 15 को शाम 5:05 से 16 की शाम 5:35 बजे तक चतुर्दशी दिनभर कई शुभ मुहूर्त

**अमृत विचार :** फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व विशेष संयोगों में मनाया जाएगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि, प्रीति, आयुष्मान, सौभाग्य, शोभन, साध्य, शुक्ल, ध्रुव, व्यतिपात और वरियान जैसे दस शुभ योगों का संयोग बनने से महत्व बढ़ गया है।

ज्योतिषाचार्य पंडित रामनारायण ने बताया कि चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी को शाम 5:05 बजे से प्रारंभ होकर 16 फरवरी को शाम 5:35 बजे तक रहेगी। शास्त्रों के अनुसार महाशिवरात्रि का व्रत और पूजन निशीथकाल में किया जाता है। इस बार निशीथकाल में चतुर्दशी तिथि 15 की मध्य रात्रि को ही रहेगी, इसलिए 15 को ही महाशिवरात्रि मनाना शास्त्रसम्मत व अधिक फलदायी रहेगा। बताया कि दिनभर कई शुभ मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे। पहला शुभ मुहूर्त सुबह 8:24 बजे से 9:48 बजे तक रहेगा। दूसरा मुहूर्त सुबह 9:48 बजे से 11:11 बजे तक रहेगा। तीसरा और सर्वोत्तम अमृत मुहूर्त सुबह 11:11 बजे से 12:35 बजे तक का है।। जो सायंकाल पूजा करना चाहते हैं, वे शाम 6:11 से 7:47 बजे के बीच अभिषेक कर सकते हैं। इन सभी मुहूर्तों में श्रद्धा, संयम से शिव का स्मरण करते हुए जल, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित करने से विशेष कृपा प्राप्त होती है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से पूजा करने पर मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आती है।

## कांवड़ियों की सेवा के लिए लग रहे शिविर, कांठ रोड पर पीवीआर के पास तैयारी में जुटे लोग

# कांवड़ लेकर निकले शिवभक्त, शिवरात्रि पर करेंगे भोले का जलाभिषेक



रामपुर रोड पर भगवान शंकर की मूर्ति को कंधे पर रखकर जाता शिव भक्त।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रविवार को महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ के भक्त आस्था के जल से महादेव का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन करेंगे। इसके लिए तैयारियां भी तेज हो गई हैं। मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग पर कांवड़ियों की सेवा के लिए स्थानीय लोंगों व संगठनों की ओर से शिविर लगाया जा रहा है। तो प्रशासन सुरक्षा व अन्य इंतजाम कराने में जुटा है।

15 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। इस दिन जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में कांवड़िए हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लाने के लिए रवाना हो रहे हैं। महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ने वाली आस्थावानों की भीड़ को देखते हुए नगर निगम प्रशासन तैयारियों में जुटा है तो वहीं जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। शिवालयों के बाहर व आसपास के क्षेत्रों में सफाई प्रबंध कराए जा रहे हैं। वहीं शिविर लगाकर शिवभक्तों को अल्पाहार व भोजन कराने के लिए भी लोग तैयारी को अंतिम रुप दे रहे हैं। बोल बम, हर हर महादेव का जयघोष करते हुए कांवड़िए जब हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटेंगे तो उनका इन शिविरों में आदर सत्कार कर सेवा की जाएगी। जिससे सेवादारों को भी भोले की भक्तों की सेवा का पुण्यलाभ मिल सके। कई जगह भंडारा कराने की तैयारी की जा रही है। विधि विधान से आस्था और उल्लास के साथ महाशिवरात्रि को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने रुट भी डायवर्ट कर दिया है।



रंग रोगन के बाद पूजन के लिए तैयार शिव मंदिर। ● अमृत विचार



कांठ रोड पर शिव भक्तों के लिए लगा सेवा शिविर। ● अमृत विचार

- हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों को परोसेंगे अल्पाहार व भोजन

## न्यूज ब्रीफ

### कथा श्रवण करने से सात पीढ़ियों को मिलता है मोक्ष



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा पीतल नगरी के लक्ष्मीनगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर बुधवार से सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आरंभ हुआ। पहले दिन कथावाचक महेंद्र शास्त्री ने शिव महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जो व्यक्ति श्रद्धा और भक्ति के साथ कथा का रसपान करता है, उसकी सात पीढ़ियों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। भगवान शिव देवों के देव महादेव हैं और मनुष्य के सबसे निकट हैं। शिव का वास श्मशान में माना गया है, जो यह दर्शाता है कि वे हर परिस्थिति में अपने भक्तों के साथ रहते हैं। बताया कि शिव की कृपा पाने का सबसे सरल उपाय है सच्चे मन से एक लोटा जल अर्पित करना। भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों की सच्ची भावना से ही प्रसन्न हो जाते हैं। कथा के मुख्य यजमान हर स्वरूप चंद्रभान सैनी रहे। इस मौके पर पंडित विनोद शर्मा, श्याम कृष्ण रस्तोगी, शिव कुमार, रविंद्र, डॉ. संजीव प्रजापति, जगदीश, गणेश, मनोज, चंद्रपाल, हरिओम, कैलाश आदि रहे।

### सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा में बताई वार्डनों की भूमिका

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागरिक सुरक्षा निदेशालय के निर्देश के क्रम में एमआईटी सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवकों के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण में पहले सत्र में मानव शरीर की संरचना के बारें में बताया गया। दूसरे सत्र में उपायुक्त परिवहन बरेली परिक्षेत्र कमल प्रसाद गुप्ता और आरटीओ मुरादाबाद पवन कुमार पंकज ने सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा में वार्डन की भूमिका बताई। छठें दिन के अंतिम सत्र में सहायक उप नियंत्रक सतीश कुमार ने प्राथमिक उपचारकर्ता के कर्तव्य को समझाया। इस दौरान नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल मास्टर ट्रेनर अखिल अग्रवाल, विवेक कुमार यादव डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो. खालिद, अशोक कुमार गुप्ता, शरीफ अहमद, वसीम अंसारी, वसीम अख्तर, डॉ. शफीक अहमद, सुभाष जैन, संदीप जैन आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# बजट ने भरा उल्लास, मनचाहा न मिलने से कोई मायूस

## महंगाई नियंत्रण को करों में कमी न होने पर मध्यम वर्ग निराश, बोले- केंद्र ने दीं सहूलियत न ही प्रदेश सरकार ने रखा ध्यान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की ओर से वित्तमंत्री सुरेश खन्ना के पिटारे से निकले बजट पर हर वर्ग की निगाहें टिकी रहीं। टेलीविजन व मोबाइल पर बजट प्रस्तुतीकरण देख लोगों ने अपने हिसाब से इसका आंकलन भी किया। केंद्रीय बजट के बाद प्रदेश के बजट में मध्यम और अल्पआय वर्ग को राहत की आस थी। तो वहीं महिलाओं को सौंदर्य प्रशाधन व गृहस्थी की जरूरत की चीजों पर सरकार से रियायत की आस लगी थी। बजट में किए गए उपायों से किसी को खुशी मिली तो कोई मायूस हो गया।



कचहरी के पास मोबाइल पर बजट देखते लोग। ● अमृत विचार

- टेलीविजन व मोबाइल पर बजट प्रस्तुतीकरण देखते रहे लोग



बजट में महंगाई नियंत्रित करने के लिए ठोस उपाय नहीं है। अधिवक्ता हितों की अनदेखी बजट में की गई है। अधिवक्ताओं के चैंबर व अन्य मूलभूत सुविधाओं को इसमें दरकिनार किया गया है। आम आदमी को बजट से विशेष लाभ नहीं दिख रहा है।
– **अभिषेक भटनागर**, अधिवक्ता



प्रदेश सरकार के बजट में शिक्षा क्षेत्र को दी गई प्राथमिकता का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ स्वागत करता है। शिक्षा को कुल बजट का लगभग 12.4% तक आवंटित किया है। इससे बालिका शिक्षा को भी प्रोत्साहन मिलेगा। लेकिन शिक्षकों व कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने की घोषणा न करना निराशाजनक है।
– जोगेंद्र पाल सिंह, प्रदेश महामंत्री, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश



कागजी बजट मुबारक हो। यूपी की जनता को एक बार फिर सपनों का अमृत पिलाया गया है। विकास केवल कागजों में दौड़ रहा है। जबकि सड़कों पर गड्ढे आज भी भरने का इंतजार कर रहे हैं। बेरोजगारों की डिग्रियां अलमारी में है और सरकार का डेटा फाइलों में मुस्कुरा रहा है। बजट में कमाल की जादूगरी है, आंकड़ों का अंबार है, मगर गरीब की थाली में अब भी हाहाकार है।
– धर्मेन्द्र यादव, जिला प्रवक्ता समाजवादी पार्टी



प्रदेश सरकार के बजट से मेधावी छात्राएं बेहद खुश हैं। उनको स्कूटी देने के लिए 400 करोड़ का प्रावधान किया गया है। बजट में टेक युवा समर्थ युवा का नारा बुलंद किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल इम्प्लायमेन्ट एण्ड इण्डस्ट्रियल जोन की नई योजना प्रस्तावित की गइर है। इसके लिए 575 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। इससे एमएसएमई उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। – विपिन गुप्ता, प्रदेश महामंत्री, संयुक्त व्यापार मंडल

## युवाओं व महिलाओं ने रोजगार व सुरक्षा पर जताया भरोसा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के बजट को लेकर महानगर में युवाओं और महिलाओं के बीच उत्साह दिखाई दिया। रोजगार, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्टार्टअप को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं पर स्थानीय लोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। सिविल लाइंस, बुद्धि विहार और लाइनपार क्षेत्रों में युवाओं ने बजट को भविष्य के लिए उम्मीदों से भरा बताया।

कॉलेज छात्रों का कहना है कि यदि रोजगार सृजन और कौशल विकास योजनाएं धरातल पर लागू होती हैं तो प्रदेश के युवाओं को बाहर पलायन नहीं करना पड़ेगा। वहीं, महिलाओं ने छात्राओं के लिए प्रोत्साहन योजनाओं और कार्यस्थल सुविधाओं को सराहनीय कदम बताया। गृहणियों का मानना है कि महिला सुरक्षा और स्वरोजगार योजनाओं पर जोर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करेगा। शहर के कोचिंग संस्थानों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि सरकारी भर्तियों और पारदर्शी प्रक्रिया पर सरकार को विशेष ध्यान देना चाहिए। युवाओं ने यह भी अपेक्षा जताई कि उद्योगों को बढ़ावा मिलने से मुरादाबाद जैसे शहरों में भी नए अवसर पैदा होंगे। महिलाओं का कहना है कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ाया गया प्रावधान परिवारों को सीधा लाभ देगा। कामकाजी महिलाओं के लिए सुविधाएं और छात्राओं के लिए योजनाएं आत्मविश्वास बढ़ाने वाली हैं।



बजट में युवाओं के लिए रोजगार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने की बात कही गई है। अगर ये योजनाएं सही तरीके से लागू हों तो युवाओं को प्रदेश में ही बेहतर अवसर मिल सकते हैं। हमें उम्मीद है कि भर्ती प्रक्रियाएं भी तेज होंगी। – **शिवांग**, युवा



शिक्षा और तकनीक पर फोकस सराहनीय है। आज के समय में स्किल डेवलपमेंट सबसे जरूरी है। सरकार अगर ट्रेनिंग और प्लेसमेंट की व्यवस्था मजबूत करे तो बेरोजगारी काफी हद तक कम हो सकती है। – **अमित**, युवा



युवाओं के लिए टेक्नोलॉजी मिशन की स्थापना व टेक युवा समर्थ योजना की घोषणा हुई है। इससे टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रशिक्षण मिलने से रोजगार के अवसर मिलेंगे। – –कुशल शर्मा



इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योगों पर जोर देने से स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा। मुरादाबाद में भी नए उद्योग आएं, यही हमारी अपेक्षा है। बजट उम्मीद जगाने वाला है। – – मोहित शर्मा, युवा



सरकार ने युवाओं के लिए कई योजनाओं की घोषणा की है। अब जरूरत है कि पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से इन्हें लागू किया जाए। तभी युवाओं का भरोसा और मजबूत होगा। – **संजीव पाल**, युवा



बजट में स्वास्थ्य और शिक्षा पर ध्यान दिया गया है, जो हर परिवार के लिए जरूरी है। अगर योजनाएं सही तरीके से लागू हों तो महिलाओं की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। – **वर्षा**, गृहिणी



छात्राओं व कामकाजी महिलाओं के लिए की गई घोषणाएं सकारात्मक हैं। इससे बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। महिला सुरक्षा व स्वरोजगार योजनाएं लाभकारी साबित होंगी।
– श्वेता गुप्ता, गृहिणी

### बजट में गुरु जंभेश्वर विवि को मिले 50 करोड़ रुपये

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बजट में मुरादाबाद शहर और मंडल के लिए विकास को गति देने का प्रबंध किया गया है। मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर और सम्भल) के लिए करोड़ों रुपये की योजनाओं का प्रावधान किया गया है। मंडल के छात्र-छात्राओं को अब उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहर नहीं जाना पड़ेगा। क्योंकि सरकार ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की है। वहीं स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत देश के चयनित कुल 100 शहरों में प्रदेश के मुरादाबाद सहित 10 शहर भी चयनित हैं। इससे महानगर की ट्रैफिक व्यवस्था, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को हाई-टेक किया जाएगा।

# समर्पण दिवस के रूप में मनाई पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वावधान में बुधवार को बुद्धि विहार स्थित कार्यालय पर महान विचारक एवं संघ के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर गोष्ठी में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पश्चिमी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल रहे।

मुख्य अतिथि राजेश सिंघल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, महानगर उपाध्यक्ष दिनेश सिसोदिया ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। वंदेमातरम के बाद गोष्ठी की शुरुआत की गई। अध्यक्षता महानगर उपाध्यक्ष दिनेश सिसोदिया व संचालन महानगर मंत्री शम्मी भटनागर ने किया।



गोष्ठी में बोलतीं जिपं अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, मंचासीन अतिथि व अन्य पदाधिकारी।

मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा महान विचारक एवं संघ के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 11 फरवरी को समर्पण दिवस के रूप में मनाती है। उनका निधन 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय जो कि अब (दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन)के नाम से जाना जाता है के पास एक रहस्यमयी घटना में हुआ था। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा में तत्पर रहता है।

जिपं अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि अकेले खुशहाल होने से समाज का परिवर्तन नहीं हो सकता सबके खुशहाल होने से ही हम आगे बढ़ सकते हैं।

- भाजपा महानगर की ओर से गोष्ठी आयोजित

पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडित दीनदयाल के सपनों को साकार कर रहे हैं। गोष्ठी में महानगर उपाध्यक्ष दिनेश सिसोदिया, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, दिनेश शीर्षवाल, महानगर उपाध्यक्ष नवदीप टंडन, विशाल त्यागी, राहुल शर्मा, महानगर मंत्री शम्मी भटनागर, अजय वर्मा, सर्वेश पटेल, अतुल सोती, सुरेंद्र विश्नोई, मुकेश भारद्वाज, अरविंद सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### वक्ताओं ने क्षमता और विकास कौशल पर रखे विचार



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत पांचवा दिन क्षमता और विकास कौशल एवं मेक इन इंडिया स्कीम विषय के रूप में मनाया गया। इसका उद्देश्य स्वयंसेवकों को आत्मनिर्भरता, कौशल विकास और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। मुख्य अतिथि नीरज कुमार अग्रवाल ने कहा कि सफलता पाने के लिए निरंतर प्रयास, सकारात्मक सोच और कौशल विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता पहचानकर उसे निखारने के लिए सतत प्रयासरत रहना चाहिए। मुख्य वक्ता विमलेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग बहुत जरूरी है। हमें छोटे और बड़े स्वदेशी कारोबारों को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हों और देश आत्मनिर्भर बने। इसके बाद राजीव कुमार ने भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों को रोजगार उपलब्ध कराने वाली कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में बताया व युवाओं से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस मौके पर स्वयंसेवक हिमांशु, उबैश, अफजल, शगुन, कार्तिक आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी आफताब हसन ने किया।

### 'कभी मैं याद आऊं तो चले आना' गाकर दी सीनियर्स को विदाई



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिल्ली रोड स्थित माडर्न पब्लिक स्कूल में 2026 बैच का विदाई समारोह बुधवार को विद्यालय परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य शकील अहमद रहे। उनका पुष्पगुच्छ देकर समन्वयक सुशील कुमार सिंह ने स्वागत किया। बारहवीं के छात्र-छात्राओं के लिए टाइटल और स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। कभी मैं याद आऊं तो चले आना समूह-गीत के माध्यम से वरिष्ठों को विद्यालय को याद रखने का आह्वान किया गया। गणित के वरिष्ठ अध्यापक फ़रमान ने अजीब आदमी था वो की प्रस्तुति से सबका मन मोहा। 11वीं के छात्र-छात्राओं ने समूह-नृत्य से सबको प्रभावित किया। शाहवेज़ अली ने बताया कि मिस्टर एमपीएस का खिताब मोहम्मद नोमान और मिस एमपीएस का खिताब इंजीला परवीन ने जीता। मिस्टर हैंडसम याकूत और मिस गॉर्जियस सदा असलम बनीं। इस दौरान अब्दुल राफे, इल्मान, हिफ्जुन, आइज़ा, आलिया और अंशिका सहित अन्य की मौजूदगी रही।

### कबड्डी के फाइनल में भिड़ेगी सीसीएसआईटी व फिजिकल टीम



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों में फिजिकल एजुकेशन और सीसीएसआईटी कॉलेज विजेता रहे। अब फाइनल में दोनों का मुकाबला होगा। सेमीफाइनल में फ़िज़िकल एजुकेशन कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज के मुकाबले में नर्सिंग कॉलेज ने टॉस जीतकर कोर्ट चुना। पहले हाफ में फ़िज़िकल एजुकेशन ने 26-8 से बढ़त बनाई। सेकेंड हाफ में भी 62-32 से फ़िज़िकल एजुकेशन की टीम आगे रही और अंत में 30 अंकों से मुकाबला जीता। फिजिकल एजुकेशन के आर्यन प्रताप सिंह ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सीसीएसआईटी और इंजीनियरिंग कॉलेज के सेमीफाइनल मुकाबले में सीसीएसआईटी कॉलेज ने टॉस जीतकर रेड चुना। फर्स्ट हाफ में सीसीएसआईटी ने 23-12 और सेकेंड हाफ में 58-35 से आगे रही और अंततः 23 अंकों से मैच जीत लिया। सीसीएसआईटी के गौरव शर्मा का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा।

## अव्यवस्था

## जिला महिला समेत सीएचसी व पीएचसी पर नहीं मिल रही बुनियादी सुविधाएं

# मुफ्त पैड का दावा बेदम, बाहर से खरीदना बना मजबूरी

शुभम शर्मा, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में प्रसूताओं को मुफ्त इलाज व जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन हकीकत इन दावों से मेल नहीं खा रही। जिला महिला अस्पताल में प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं को डिलीवरी के बाद सेनेटरी पैड तक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। हालात यह हैं कि तीमारदारों को मजबूरी में बाहर मेडिकल स्टोर से महंगे पैड खरीदकर लाने पड़ रहे हैं।

सरकारी व्यवस्था के अनुसार अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं को मुफ्त पैड और हाइजीन किट दी जानी चाहिए, ताकि संक्रमण का खतरा कम हो और महिलाओं को स्वच्छता संबंधी दिक्कत न झेलनी पड़े। लेकिन वार्डों में तैनात स्टाफ द्वारा स्टॉक खत्म है कहकर मरीजों को लौटा दिया जा रहा है। बुधवार को अमृत विचार की टीम ने जिला महिला अस्पताल में पड़ताल की तो कई प्रसूताओं और उनके परिजनों ने पैड न मिलने की बात कही। प्रसूता अनम, खुशी, प्रवेश और गुंजन ने बताया कि उन्हें डिलीवरी के बाद एक बार भी पैड उपलब्ध नहीं कराया गया।




जिला महिला अस्पताल में प्रसवोत्तर वार्ड।

- स्टॉक खत्म होने का हवाला देकर टाल रहा महिला अस्पताल का स्टाफ
- भर्ती प्रसूताओं को पैड व हाइजीन किट उपलब्ध कराने के हैं निर्देश

### कपड़े का इस्तेमाल करने को मजबूर प्रसूताएं

अस्पताल में प्रसव के लिए आ रहीं आर्थिक रूप से कमजोर प्रसूताएं कपड़े का इस्तेमाल करने पर मजबूर हैं। डॉक्टरों का कहना है कि प्रसूताओं का शरीर बेहद संवेदनशील होता है। ऐसे में घटिया स्तर की रूई या कपड़े से सर्जिकल इंफेक्शन और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इससे भविष्य में बांझपन जैसी दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं।

बंगला गांव निवासी पूनम के पति प्रेम शंकर ने बताया कि स्टाफ से कई बार कहने के बावजूद पैड नहीं दिए गए। चौरासी घंटा निवासी आशा ने कहा कि उनकी बहू की डिलीवरी के बाद केवल एक बार पैड दिया गया, उसके बाद दोबारा मांगने पर स्टॉक खत्म होने की बात कह दी गई। गोविंदनगर निवासी प्रीति के पति रवि ने भी यही आरोप लगाया कि एक बार पैड देने के बाद दोबारा मांगने पर मना कर दिया गया। वहीं, तीमारदार अनीता देवी ने बताया कि उन्हें भी बाहर से पैड खरीदकर लाने पड़े। प्रसूताओं और उनके परिजन का कहना है कि सरकारी अस्पताल में इलाज कराने के बावजूद छोटी-छोटी जरूरतों के लिए बाहर पैसा खर्च करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। इस संबंध में सीएमएस डॉ. रणवीर सिंह ने कहा कि अस्पताल में महिलाओं को पैड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यदि किसी को पैड नहीं मिले हैं तो मामले की जांच कराई जाएगी और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



रवि।



प्रेमशंकर।



अनीता देवी।



आशा।

# यूपी सरकार के बजट को पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने बताया दिखावा

## 9.12 लाख करोड़ से ज्यादा का पेश किया 10वां बजट, सड़क और शिक्षा को दी प्राथमिकता, रोजगार और निवेश को बढ़ावा देने पर रहा फोकस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार के बजट को सत्ता पक्ष के लोगों ने सराहा कहा कि बजट प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, शिक्षा स्वास्थ्य कृषि रोजगार को प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बुधवार को 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक का 10 वां बजट पेश किया। विपक्ष ने बजट को जनकल्याण का नहीं, बल्कि दिखावे और प्रचार का बजट बताया है।

वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव होना है इसलिए बैलेंस बजट पेश किया गया है। 9 लाख करोड़ से अधिक के बजट में निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने पर भी फोकस है। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ बताते हैं कि यह प्रदेश सरकार का यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 12 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है। टैक्स के सरलीकरण पर भी सरकार का ध्यान है। सूक्ष्म एवम लघु उद्योगों के लिए 3822 करोड़ का प्रावधान किया गया है। युवा उद्यमी योजना के लिए भी 1 हजार करोड़ का प्रावधान। विशेषज्ञ बताते हैं कि इस बजट से उत्तर प्रदेश के उद्योगों को नई ऊर्जा मिल सकती है। किसानों का कहना है कि सरकार ने कर्ज माफ नहीं किया है और किसानों को महंगाई से कोई राहत नहीं दी गई है।


शहर में एक परिवार टीवी पर देख रहा बजट। ● अमृत विचार

बजट प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला है। यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला, व्यापारी और श्रमिक सभी वर्गों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है।
– **आकाश सक्सेना**, शहर विधायक

यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को सशक्त रूप से आगे बढ़ाता है। उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास पर ध्यान दिया गया है।
–**हरीश गंगवार**, जिलाध्यक्ष भाजपा

शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में केवल आंकड़ों की बाजीगरी की गई है। जबकि जमीनी स्तर पर इन व्यवस्थाओं की हालत चिंताजनक बनी हुई है। यह बजट जनकल्याण का नहीं, बल्कि दिखावे और प्रचार का बजट प्रतीत होता है। कांग्रेस पार्टी इस बजट को जनविरोधी मानती है।
– **निक्कू पंडित**, जिलाध्यक्ष कांग्रेस

बजट निराशाजनक है, इस बजट से यूपी के किसी वर्ग को कोई लाभ नहीं मिलेगा। किसान और युवा वर्ग की उपेक्षा की गई है। जनता को बजट ने मायूस किया है। महंगाई बढ़ी है, किसान की आय नहीं बढ़ी। सरकार आय दोगुनी करने का वादा करती है। डबल इंजन की सरकार फेल रही।
–**अजय सागर**, जिलाध्यक्ष सपा

उत्तर प्रदेश के 2026 के बजट में किसानों के लिए मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यूपी का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया है। महिला सशक्तिकरण पर भी ध्यान केंद्रित किया है लेकिन, व्यापारियों के लिए कुछ विशेष इस बजट में नहीं है।
– **अनिल अग्रवाल** जिला अध्यक्ष उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

प्रदेश में डिजिटल एंटरप्रन्योरशिप योजना पर कार्य किया जाएगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अगले चरण के रूप में जनविश्वास सिद्धांत के आधार पर उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इसमें रजिस्ट्रेशन, लाइसेंसिंग आदि कार्रवाई को और अधिक सहज एवं सुगम बनाया जाएगा।
– **विपुल गुप्ता** जिला अध्यक्ष युवा व्यापार मंडल

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गतिमान बनाए रखने के लिए यह संकल्पित बजट है। औद्योगिक क्षेत्र व एमएसएमई को प्रोत्साहन, मुरादाबाद में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय को 50 करोड़ अच्छा कदम है। 26-27 में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये प्राप्ति का बड़ा लक्ष्य प्रस्तावित है।
– **शैलेंद्र शर्मा** प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल

प्रदेश सरकार के दसवें बजट में उद्योग निवेश और रोजगार को ध्यान में रखते हुए विकासशील बजट पेश किया है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने की कोशिश की गई है। बजट प्रदेश हित में है। 9 लाख करोड़ से अधिक के बजट में निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने पर भी फोकस है।
– **संदीप सोनी**, राष्ट्रीय अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

प्रदेश सरकार के बजट ने मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। मध्यम वर्ग को कोई राहत नहीं दी गई है। रोजमर्रा के जरूरतों का सामान पर कीमतें बढ़ रही हैं लेकिन, सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। महंगाई से त्रस्त लोगों को त्वरित कोई राहत नहीं दी गई है।
– **वसीम उल हसन खां**, प्रदेशाध्यक्ष जन सेवा समिति।

प्रदेश सरकार के बजट में किसानों को कई सेक्टर में तो राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया है। लेकिन महंगाई से निजात दिलाने के लिए घोषणा नहीं की गई है। किसानों को कर्ज से उबारने के लिए सरकार गंभीर नहीं है। जबकि किसान कर्ज के बोझ के नीचे दबा हुआ है।
– **हसीब अहमद**, प्रदेश महासचिव भाकियू टिकैत

उत्तर प्रदेश सरकार का बजट जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा। प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की बदहाली जैसे गंभीर मुद्दों पर यह बजट मौन है। युवाओं को रोजगार देने की कोई ठोस योजना नहीं दिखाई देती है।
– **हनीफ वारसी**, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाकियू भानु

बजट में किसानों को कोई राहत नहीं दी गई है। जबकि, किसान महंगाई के बोझ के तले दबा हुआ है। जब तक सरकार किसानों का कर्ज माफ नहीं करती किसान कमाकर साहूकारों और बैंकों में कर्ज अदा करता रहेगा। किसान की फसल खराब होने पर मूलधन से ज्यादा ब्याज हो जाता है।
– **मुराद खान**, किसान नेता

किसानों की फसलों का वाजिब दाम नहीं मिलता। आलू, गोभी और टमाटर की फसल में किसानों को कुछ बचत नहीं हुई है। सरकार ने किसानों की फसलों का वाजिब दाम देने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है। बिलासपुर की चीनी के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। – **सलीम वारसी**, जिलाध्यक्ष भाकियू भानु

सरकार इस बजट को विकसित भारत बनाने के लिए एक नींव के तौर पर बता रही है, इसमें दीर्घकालिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रावधान किए गए हैं। परंतु शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए कुछ भी नया नहीं है उन्हें इस बजट से निराशा ही हासिल हुई है। – **रवेन्द्र गंगवार**, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

युवाओं को रोजगार, बेटियों की शादी के लिए 1 लाख रुपये की सहायता और 43,000 करोड़ रुपये की नई योजनाओं का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक विकास के लिए 27,103 करोड़ रुपये आवंटित हैं। बजट 2027 चुनाव से विकास और लोकलुभावन घोषणाओं पर केंद्रित है।
– **अंकित अग्रवाल**, सीए

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 9.12 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में युवा, महिला और रोजगार के लिए जोर दिया गया है और उत्तर प्रदेश देश की जीडीपी में सहयोग करने वाली तीसरी अर्थव्यवस्था बन कर उभर रहा है। उद्योग के लिए बजट में 27,103 करोड़ रुपये आवंटित हैं।
– **सौरभ कुमार**, सीए

बजट गरीब मजदूर बेसहारा लोगों को कोई भी फायदा नहीं होगा यह बजट केवल हवा हवाई है। जनता के लिए कोई राहत नहीं मिलेगी, बजट को इस तरह पेश किया गया है कि आम लोगों को इसका कोई फायदा होने वाला नहीं है। बजट में महंगाई कम करने वाला कोई बिन्दु नहीं है।
– **दिनेश गौतम**, जिलाध्यक्ष बसपा

बजट से महिलाओं को आस थी कि उनकी रसाई का बजट बेहतर हो जाएगा। लेकिन प्रदेश सरकार के बजट में महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। सरकार के बजट से मध्यम वर्गीय महिलाओं को काफी निराशा हुई है।
– **शहाना मसूद**, गृहणी

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2026 के लिए प्रस्तुत बजट उद्योगों के विकास में जान फूंक सकता है। बजट में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों पर विशेष फोकस किया गया है। लेकिन बजट में मध्यम वर्ग को कोई राहत नहीं है। गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल पर टैक्स कम नहीं किया गया है।
– **अपर्णा श्रीवास्तव**, गृहणी

सरकार ने बजट पेश नहीं किया है बल्कि अपना हित साबित किया है इस बजट में गरीबों नौजवानों के लिए कोई योजना नहीं है सरकार गरीबों और वह जवानों को नजरअंदाज कर रही है रोजमर्रा की चीजे महंगाई की मार से जनता त्रस्त है।
– सपा नेता **हाजी आबिद हुसैन**

बजट को बेमकसद बताया है और कहां है कि गरीबों किसानों को इस बजट से कुछ हासिल होने वाला नहीं है सरकार ने बड़ी-बड़ी शिक्षण संस्थानों को पैकेज दिया है लेकिन जमीनी स्तर पर प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कुछ नहीं दिया है।
– **मोहम्मद रिजवान अंसारी**, होटल व्यवसायी

सरकार का बजट निवेश रोजगार बुनियादी विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस है और सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। सरकार ने गरीबों मजदूरों और किसानों को हित में रखकर बजट पेश किया है।
– फोटो 24 – मो. जिया मलिक, अधिवक्ता

सरकार के इस कल्याणकारी बजट से आम आदमी को राहत मिलेगी और शिक्षा का क्षेत्र भी मजबूत होगा किसने नौजवानों का ध्यान रखा गया है। बजट को लेकर जनता द्वारा सरकार की सराहना की जा रही है।
–**शकील अहमद अंसारी**, अपना दल एस जिला सचिव

उत्तर प्रदेश सरकार का वर्ष 2026 के लिए प्रस्तुत बजट उद्योगों के विकास में जान फूंक सकता है। बजट में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों पर विशेष फोकस किया गया है। एमएसएमइ के लिए दस हजार करोड़ के फंड से काफी लाभ होगा। यह बजट उत्तर प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है।
– **श्रीश गुप्ता**, चेयरमैन आईआईए रामपुर चैप्टर

## विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर फार्म भरवाने पर ध्यान दें


बसपा की बैठक में शामिल पदाधिकारी।

**रामपुर, अमृत विचार:** सिविल लाइंस आवास विकास कॉलोनी स्थित बसपा के जिला कार्यालय पर बुधवार को बैठक हुई। मुख्य अतिथि मुरादाबाद मंडल के प्रभारी नाजिम अल्वी रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेश गौतम ने की। बैठक में नजमी अल्वी ने कहा कि पांचों विधानसभा में सेक्टर कमेटी और बूथ कमेटी को पुनः पूरा कर एसआईआर कार्य पर भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। पार्टी में सभी सक्रिय लोगों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। भाजपा सरकार में दलित पिछड़े एवं मुस्लिम वर्ग के साथ-साथ ब्राह्मण समाज सुरक्षित नहीं है। आने वाले 2027 में बसपा की सरकार बनाने के लिए जनता ने मन बना लिया है। इस दौरान जिला महासचिव नवनीत यदुवंशी, जिला उपाध्यक्ष हबीबुल रहमान, जिला कोषाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, जिला संयोजक बीवीएफ दिलीप सिंह सागर, भाईचारा कमेटी जिला संयोजक सुरेंद्र पाल गंगवार, पूर्व जिला संयोजक बामसेफ दर्पण गौतम, पूर्व जिला संयोजक भाईचारा भीम प्रिय गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बौद्ध, विधानसभा प्रभारी सुशील कुमार सागर, अजब सिंह सागर, राजीव अंबेडकर, महेंद्र सिंह सागर, सरोजराम सागर, राकेश सागर, ओमकार बौद्ध, विधानसभा अध्यक्ष दौलत राम, शैंकी सागर, अजय कुमार सागर आदि मौजूद रहे।

# कृषि समझौता के विरोध में किसानों ने तहसील परिसर में किया प्रदर्शन

संवाददाता बिलासपुर


समस्याओं को लेकर तहसील में प्रदर्शन करते भाकियू भानु के कार्यकर्ता।

- **अमेरिका के साथ हुए कृषि समझौते को लेकर किसानों ने जताई नाराजगी**

**अमृत विचार:** भाकियू भानु के कार्यकर्ताओं ने अमेरिका के साथ हुए कृषि समझौते के विरोध में तहसील में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बाद में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार के पेशकार को सौंपा।

बुधवार को कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में तहसील भवन पहुंचे। उन्होंने कृषि समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया। बाद में एसडीएम के न मिलने पर उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन उनके पेशकार को सौंपा। जिसमें कहा कि भारत सरकार द्वारा अमेरिका सरकार के साथ कृषि समझौता किसानों के हितों के विपरीत है। आरोप लगाया कि इससे देश के छोटे और मध्यम किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। भारत एक कृषि प्रधान देश है। यदि विदेशी कृषि उत्पादों को बढ़ावा दिया गया, तो स्थानीय किसान प्रभावित होंगे। यह समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिसे तत्काल वापस लेने की मांग की। जबकि दूसरा ज्ञापन में आवारा गौवंशीय पशुओं की समस्या और नहर विभाग की कथित मिलीभगत से हो रहे अवैध कब्जों की रोकथाम से संबंधित है। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद आसिम रजा, रईस अहमद, अहकाम मिर्जा, सतनाम सिंह, मुराद खां, मोहम्मद अहमद, जमुना प्रसाद, रिजवान अली, रमनजीत सिंह, जगतार सिंह, रेखा रानी, ऊषा, उर्मिला, गुरदीप सिंह, सद्दीक अहमद और गुफरान अली आदि मौजूद रहे।

## हजरत प्यारे मियां दुर्वेश की दरगाह पर हुआ सालाना उर्स

**रामपुर, अमृत विचार:** मिलक क्षेत्र के ग्राम खाता नगरिया स्थित हजरत प्यारे मियां दुर्वेश की दरगाह पर सालाना उर्स हुआ। उर्स का उद्घाटन समाजसेवी सीए फरहत मियां और पालिका सभासद आसिम खान ने फीता काटकर किया। जिसके बाद कुल शरीफ हुआ जिसमें देश में अमन और शांति के लिए जायरीनों ने दुआएं की।उर्स में आयोजित लंगर में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया साथ ही उर्स के मौके पर लगे मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद लिया और महिलाओं ने जमकर खरीदारी की।कमेटी के लोगों ने बताया कि बुधवार रात को उर्स में प्रसिद्ध कव्वाल शरीफ परवाज और सनम वारसी पहुंचेंगे। इनके बीच देर रात कड़ा मुकाबला होगा।जिसमें भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।वही गुरुवार को दिल्ली कमेटी की ओर से कव्वाल फहीम गुलाम वारिस उर्स में पहुंचेंगे और कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे। उर्स के सफल आयोजन में सहयोग देने वाली कमेटियों को सम्मानित किया।

## ग्रामीण की बाइक चोरी

**रामपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद के थाना बिलारी के सिसौना गांव निवासी नबी अहमद बुधवार को शादी में आए थे। दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब थाना क्षेत्र के खरसौल गांव के मैरिज हॉल पहुंचे। उन्होंने अपनी बाइक मैरिज हॉल के बाहर गेट के बराबर से खड़ी थी। सैफनी थाने में दी तहरीर में बताया कि आधे घंटे बाद वह जब मैरिज हॉल के बाहर आया तो उसकी बाइक नहीं थी। उन्होंने सैफनी थाने में मामले की तहरीर दी है।

# मंत्री के बयान से नाराज शिक्षकों ने जलाई प्रतियां

संवाददाता, रामपुर

- **केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का पुतला फूंका, किया प्रदर्शन**

**अमृत विचार:** आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त अध्यापकों पर टेट लागू होने पर संसद में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के जबाब से शिक्षक खफा हैं। जिसको लेकर शिक्षक पूरे प्रदेश में धरने प्रदर्शन कर रहे हैं। रामपुर में प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने बुधवार को आंबेडकर पार्क में रोष व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन किया।

इसके बाद जयंत चौधरी के जवाब की प्रतियां जलाईं और पुतला फूंका। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रेमसिंह चौहान ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने शिक्षकों का पक्ष सुने बिना ही अनैतिक रूप से आरटीई से पूर्व सेवा शर्तों को पूर्ण कर नियुक्त शिक्षकों पर थोपा गया। टेट पूरी तरह अनुचित है, शिक्षक इसका पुरजोर विरोध करते हैं। इसकी लड़ाई शिक्षक लखनऊ से लेकर दिल्ली तक लड़ेंगें। जब तक सरकार इस आदेश को निरस्त करने के लिए संसद में बिल नही लाती, यह लड़ाई जारी रहेगी। संसद में पक्ष एवं विपक्ष दोनों तरह के 50 से भी ज्यादा सांसदों ने इस मुद्दे को उठाया है। लेकिन मौजूदा सत्र में भी सरकार इस पर कोई जवाब नहीं दे रही है। इस दौरान जिला मंत्री चरन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सैदनगर रहमत अली, संजय सिंह, डॉ. सरफराज अहमद, सलीम अहमद, अमरपाल सिंह यादव, वीर सिंह, बबीता रानी, मुमताज जहां, फहीमा जबीं, ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश कुमार, प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह, तरूण पांडे, तनवीर अहमद, राहत जान, अशोक महरा, मंजू देवी, आदेश देवी, सोमपाल सिंह, उमेंद्र पाल सिंह, जाहिद अली, गुरप्रीत सिंह, मनोज सिंह, सईद रहमानी, नरेंद्र चौहान, इशरत अली आदि शिक्षक मौजूद रहे।


आंबेडकर पार्क में केंद्रीय मंत्री जयंत के जवाब की प्रतियां जलाते शिक्षक।

आयोजन

400 मीटर दौड़ में अनम व अर्जुन रहे प्रथम, लोहा गांव में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं हुईं

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

**रामपुर, अमृत विचार:** मिलक विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय लोहा में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई। 400 मीटर दौड़ में अनम व अर्जुन प्रथम रहे, जबकि अन्य छात्रों ने अपने अपने वर्ग में बाजी मारी।

खंड शिक्षा अधिकारी मिलक बबीता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर खेलों का आगाज किया, जबकि 50 मीटर दौड़ का प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू ने हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। 400 मीटर बालक वर्ग में अर्जुन नानकार प्रथम रहे। 200 मीटर बालिका वर्ग प्राथमिक में स्वाति विद्यालय नानकार प्रथम रहीं। 400 मीटर बालिका वर्ग जूनियर में मैनी विद्यालय की छात्रा अनम प्रथम स्थान पर रहीं। 100 मीटर बालक वर्ग प्राथमिक में समर बाबू ऐंचोरा प्रथम रहे। 100 मीटर बालिका वर्ग प्राथमिक राधिका नानकार प्रथम रहीं। सफल संचालन ब्लॉक व्यायाम शिक्षक महेंद्र कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। निर्णायक मंडल में होमेन्द्र देव, श्री सुनील कुमार, बृजपाल, अनूप मिश्रा, अनूप पांडे, तरुण पांडे, राशिद, गोविंद नारायण, प्रशस्त कुमार, रुचि गुप्ता एवं उर्वशी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सैयद आफाक हुसैन मौजूद रहे।


लोहा गांव में ब्लॉक स्तरीय खेलों में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


विजेता छात्र-छात्रों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद में प्रयांश और मिस्बा का जलवा

**टांडा, अमृत विचार :** नगर के मनसब अली स्टेडियम में बुधवार को परिषदीय विद्यालयों की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता हुई। प्रयांश और मिस्बा ने कई स्पर्धाओं में बाजी मारी। खंड शिक्षा अधिकारी फोटो लाल निरंकारी, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान और जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने खेलों की शुरुआत हरी झंडी दिखाकर की। प्राथमिक स्तर बालक-बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में बिजारखाता के शावेज और जहांगीरपुर की आलिया प्रथम रहे। 200 मीटर में कन्या टांडा के आशीष और जहांगीरपुर की आलिया व समीर ने जीत दर्ज की। 400 मीटर में आशीष कन्या टांडा और घोसीपुरा की गुलफ़्सा ने बाजी मारी। इसके अलावा लंबी कूद में आशीष और आलिया अपने-अपने वर्ग में अव्वल रहे। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश कुमार, ब्लॉक मंत्री मोहम्मद तनवीर, मोहम्मद सईद सागर, जय प्रकाश, डॉक्टर आदर्श कुमार, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सुखलाल सिंह, आनंद सिंह भंडारी आदि रहे।

## खेलों में खुशबू और कैफ ने मारी बाजी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बुधवार को बीईओ राजेंद्र सिंह बोरा के नेतृत्व श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनका उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में खुशबू, अंशिका तथा बालक वर्ग में कैफ, अबुजर ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अपना स्थान बनाया। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में दिवित, निकेश, फैज, बिकेश तथा बालिका वर्ग में नैना, रिदा, मुसरीफा और संध्या ने शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर लोकेश कुमार, आकांक्षा गौतम, जसवीर सिंह, शुभम कुमार, केतन शंकर सैनी, सुमन सिंह, मंगलसेन, गौरव त्यागी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बबीता सिंह, मीनू रानी, संदीप कौर, ईश्वरी प्रसाद एवं राहुल भारद्वाज ने किया।


बिलासपुर में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते छात्र-छात्राएं।

## मारपीट और जातिसूचक शब्दों से किया अपमानित

**मिलक, अमृत विचार:** नगर पालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारी के साथ अभद्र भाषा और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए मारपीट के आरोप में पीड़ित में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बुधवार को नगर के मोहल्ला नसीराबाद निवासी राजू ने पुलिस को तहरीर देते हुए लिखा कि वह सुबह नगर पालिका के अंतर्गत नगर स्थित साप्ताहिक बाजार में सफाई करने के लिए गया था। इसी दौरान मोहल्ला असदुल्लापुर निवासी एक व्यक्ति के चार पुत्र उसके पास आए और गंदी-गंदी गालियां देने लगे।जब उन्होंने विरोध किया तो सभी ने उसके साथ जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए मारपीट करना शुरू कर दी। मारपीट के दौरान किसी तरह उसने अपनी जान बचाई तो आरोपियों द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### दो दिन प्रवास पर रहेंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी कल से रामपुर के दो दिवसीय प्रवास पर होंगे। नकवी दोपहर 12 बजे रामपुर पहुंचेंगे, 12 .30 बजे बिलासपुर में नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन, भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. प्रमोद जौहरी के शोकाकुल परिवार से मिलेंगे। शाम को पदाधिकारियों, किसान नेताओं, जनप्रतिनिधियों से मिलेंगे। इसके बाद एसआईआर प्रगति पर चर्चा करेंगे। नकवी 14 फरवरी को दिन में 11 बजे रठौंडा में जिला पंचायत द्वारा आयोजित ऐतिहासिक किसान मेला के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम में दिल्ली वापिसी करेंगे।

### संगठित गिरोह का सदस्य गैंगस्टर एक्ट में दबोचा

**चंदौसी, अमृत विचार :** जनपद में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना चन्दौसी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित मुशाहिद उर्फ आडवाणी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुरादाबाद के पाकबडा क्षेत्र का निवासी है और उस पर गिरोह बनाकर लूट व डकैती जैसी वारदातों से अवैध धन कमाने का आरोप है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ 4 फरवरी 2026 को गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# परीक्षा में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

## यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर डीएम व एसपी ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए दिशा निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** जिला सहकारी बैंक सभागार में बुधवार जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षा में लापरवाही करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कड़ी कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने सभी जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा निष्पक्ष, निर्विवाद एवं नकल विहीन संपन्न कराने के निर्देश दिए। यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होगी। जिलाधिकारी ने सभी परीक्षा केंद्रों पर स्ट्रांग रूम, डबल लॉक व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त पुलिस तैनाती, स्वच्छ पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के


यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी व कर्मी। ● अमृत विचार

निर्देश दिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम-2024 के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन स्तर पर परीक्षा को लेकर गंभीरता को देखते हुए सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित केंद्र व्यवस्थापक उत्तरदायी होंगे। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने कहा कि परीक्षा को



बैठक में मौजूद डीएम, एसपी व डीआईओएस। ● अमृत विचार

सकुशल सम्पन्न कराना हम सभी का सर्वोच्च दायित्व है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि वे समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि छोटी सी चूक भी बड़ी समस्या का कारण बन सकती है, अतः सभी अधिकारी पूर्ण सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) जंगबहादुर, जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### 74 केंद्रों पर 46,766 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

जिले में बनाए 74 परीक्षा केंद्रों पर कुल 46,766 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इनमें हाईस्कूल के 25,518 एवं इण्टरमीडिएट के 21,248 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा संपन्न कराने के लिए 6 जोनल मजिस्ट्रेट, 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 74 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। परीक्षा की प्रथम पाली प्रात: 8 :30 बजे तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से शुरू होगी। जिले में बोर्ड परीक्षा के प्रभावी संचालन के लिए राजकीय रजा इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिससे सभी परीक्षा व्यवस्था की सतत निगरानी की जा सके। लखनऊ स्तर से सीसीटीवी की मॉनिटरिंग होगी।

# किला गेट से जामा मस्जिद तक सड़क बनाने की मांग


डीएम को ज्ञापन देते जनसेवा समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रामपुर**

● **कई बार मांग और हस्ताक्षर अभियान के बाद भी शुरू नहीं हो सका निर्माण कार्य, लोगों में रोष**

**अमृत विचार :** पान दरीबा किला गेट से लेकर जामा मस्जिद तक की सड़क बनवाने को लेकर बुधवार को जन सेवा समिति द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। समिति के जिलाध्यक्ष वसीम उल हसन खान ने बताया कि नगर पालिका द्वारा दो वर्ष पहले पान दरीबा किला गेट से लेकर जामा मस्जिद सर्राफा बाजार तक की सड़क की पैमाइश हुई थी, लेकिन दो वर्ष बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हो पाया। इसी मामले में जन सेवा समिति का प्रतिनिधिमंडल अधिशासी अधिकारी से कई बार मिला और ज्ञापन भी दिया गया और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। उसके बाद इस सड़क को नगर पालिका ने बजट में पास कराया गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान वसीमुल हसन खा, हारिस शम्सी, वसी खान, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, मुकर्रम मियां, शिराज शमसी, शिबू खान, शाहब खा, छोटे लाल, अमन गुप्ता, अशोक कुमार, अरविंद गुप्ता, मुजम्मिल खा, राहुल सक्सेना, सनी अग्रवाल, मनी सिंह, महिला विंग शामनाज बी, अंजुम आरा, मुजम्मिल खान, नजमी खान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कर्मचारियों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** उ.प्र. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के आह्वान पर बुधवार को संविदा कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह और जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन ज्ञापन सौंपा। मांग है कि संविदा कर्मचारियों का मानदेय समय से दिलाया जाए। कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों की अनदेखी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

संविदा कर्मचारी कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए और प्रदर्शन करने के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष शादाब अली ने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों के हकों की अनदेखी को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारियों के खातों में समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित न होने की स्थिति में आगे चरणबद्ध तरीके से वृहद


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते संविदा कर्मचारी। ● अमृत विचार

● **मानदेय न मिलने के कारण आर्थिक तंगी से जूझ रहे कर्मचारी**

आंदोलन किया जाएगा। जिला महामंत्री रेहान खां ने कहा कि एनएचएम कर्मचारी अल्प वेतन भोगी हैं तथा प्रत्येक महीने के मानदेय से उन्हें अपने मकान का किराया और मकान की किश्त, बच्चों की फीस, राशन, दूध इत्यादि को भरना होता है। मानदेय देरी से मिलने के कारण कर्मचारी आर्थिक रूप से परेशान होने की वजह से मानसिक और शारीरिक रूप से भी बेहद परेशान हो जाता है। दीपावली पर्व पूर्व से लगातार चली आ रही है और होली पर्व बेहद नजदीक है जिससे कर्मचारियों में बेहद रोष व्याप्त है।

# अतिक्रमण हटाने को नगर पालिका ने चलाया अभियान

**मिलक, अमृत विचार:** नगर में हो रहे अतिक्रमण पर एक बार फिर नगर पालिका प्रशासन का बुलडोजर चला है। हालांकि पालिका प्रशासन द्वारा कुछ ही जगह पर अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है। बुधवार को नगर पालिका की टीम अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में नगर में हो रखे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए निकली। इस दौरान टीम ने नगर के साप्ताहिक बाजार में हो रखे रोड पर अतिक्रमण को जेसीबी की मुद्दत से हटवाया और साथ चल रही ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर जप्त कर लिया।इसके बाद पालिका की टीम नगर के हाईवे पर नवदिया मोड तक गई और अवैध अतिक्रमण करने वालों को खुद ही अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी दी है। वही अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि अवैध अतिक्रमण को विशेष अभियान में हटाया गया।


अतिक्रमण हटाती नगर पालिका टीम। ● अमृत विचार

# इमामबाड़ा किला की दीवार तोड़ बनाया गेट, लोगों में रोष

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** इमामबाड़ा किला की दीवार तोड़कर अब्बास मार्केट के लोगों की आवाजाही के लिए एक बार फिर गेट लगवाकर रास्ता खोल दिया गया है। इमामबाड़ा परिसर में मार्केट का गेट खोले जाने से लोगों में रोष है। इमामबाड़ा इबादतगाह है और अब्बास मार्केट में आने-जाने वाले गेट खुलने के बाद गंदगी करते हैं। जिससे इबादतगाह में बेअदबी होती है।

इससे पहले भी अब्बास मार्केट के लोगों के लिए इमामबाड़ा परिसर में गेट खोला गया था लोगों के आक्रोश जताने पर पुलिस ने इमामबाड़े में खोले गए गेट को बंद करा दिया था। इतना ही नहीं वक्फ इंस्पेक्टर के विरुद्ध कार्रवाई भी की थी। एक बार फिर



इमामबाड़ा परिसर में खोला गया गेट। ● अमृत विचार

● **पहले भी खोला गया था गेट पुलिस ने कराया था बंद**

रातों-रात इमामबाड़े की दीवार तोड़कर गेट लगवा दिया गया है। इमामबाड़े में मजलिस मातम होता है और 29 मोहर्रम का अलम पहुंचता है। जिसमें लखनऊ, बरेली, मुजफ्फरनगर, सिरसी, अमरोहा, मेरठ, बनारस, पश्चिम बंगाल समेत देश के कोने-कोने से अंजुमने आती हैं। इसके अलावा आसपास के जिलों से लोग अलम की जियारत करने और मजलिसों में पहुंचते हैं। गेट खुलने से इमामबाड़े में अब्बास मार्केट के दुकानदारों और ग्राहकों की आवाजाही होने से इबादत में खलल पड़ेगा। लोगों ने इमामबाड़े में खुलवाए गए गेट को बंद कराए जाने की मांग की है।

# कस्तूरबा विद्यालयों को मिली सोलर पैनल की सौगात

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

● **क्रिटिकल गैप्स योजना के तहत स्थापित होंगे सोलर सिस्टम**
● **सोलर पैनल से बिजली कटौती की समस्या से मिलेगी राहत**

**अमृत विचार:** जिले में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सैदनगर तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय धर्मपुर मिलक में 5-5 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल सिस्टम स्थापित होंगे। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सोलर सिस्टम के लिए धनराशि जारी करने के निर्देश दे दिए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि बालिका शिक्षा को बेहतर बनाने तथा छात्रावासों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से यह कार्य क्रिटिकल गैप्स योजना के तहत कराया जा रहा है। सोलर पैनल की स्थापना से विद्यालयों में स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ेगा। साथ ही विद्युत कटौती की समस्या से राहत मिलेगी, जिससे छात्राओं को अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण प्राप्त होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि बालिकाओं को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं सुविधायुक्त शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सोलर पैनल से छात्राओं को सुविधा होगी।

# छत्रपति शिवाजी टोली आई प्रथम

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** विवेकानंद इंटर सिलई बड़ागांव तहसील मिलक में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर तीसरे दिन संपन्न हुआ। शिविर का प्रशिक्षण प्रशिक्षक प्रेमपाल सिंह द्वारा दिया। बच्चों को ध्वज शिष्टाचार, स्काउट गाइड प्रतिज्ञा, बाया हाथ मिलाना, सैल्यूट प्राथमिक चिकित्सा, गांठें बांधना, बिना बर्तन भोजन बनाना, टेंट बनाना सिखाया।

शिवर के अंतिम दिवस पर मुख्यातिथि ब्लॉक प्रमुख मिलक अर्चना गंगवार द्वारा बच्चों के बनाए टेंट का निरीक्षण किया। बच्चों द्वारा बनाई रंगोलियों की सराहना की। टेंट में बालक वर्ग में छत्रपति शिवाजी टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा भीमराव अंबेडकर टोली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया गाइड वर्ग में राधा टोली ने प्रथम स्थान


स्काउट गाइड शिविर में मौजूद प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

● **प्रशिक्षण में ध्वज शिष्टाचार स्काउट गाइड प्रतिज्ञा आदि की जानकारी दी गई**

प्राप्त किया। मदर टेरेसा टोली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ स्काउट अंश पाठक, सर्वश्रेष्ठ गाइड कुमकुम को चुना गया। सभी विजय प्रतिभागियों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय संस्थापक प्रेम शंकर कुमार ने अतिथियों को स्वामी विवेकानंद का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके संचालनकर्ता साधना गंगवार, कुसुम लता, आस्था गंगवार, प्रधानाचार्य सुनील कुमार, रजनीश पटेल, प्रदीप कुमार, नरेंद्र गंगवार, रामानंद पटेल, शिवचरन लाल, कपिल कुमार, महेंद्र पाल, मनोहर लाल, इसराइल, विजय पाल, बुद्धसेन, प्रदीप कुमार, गजेंद्र गंगवार, ज्योति गंगवार, नीरज गंगवार, मुन्नी देवी, सरोज गंगवार आदि मौजूद रहे ।

## न्यूज डायरी

### 22 को होगा संगठन के कार्यालय का उद्घाटन

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बुधवार को राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ कि बैठक मोहल्ला कायस्थान स्थित प्रीत कालोनी में हुई। संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक प्रेम नरेश वाल्मीकि ने कहा कि आगामी 22 फरवरी संगठन के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन समारोह होगा। कार्यालय आईटीआई कालेज के पास बनाया गया है। जिसका कृषि राज्यमंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख एवं पालिकाध्यक्ष अध्यक्ष चित्रक मित्तल उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। इस मौके पर अनिल राज, नवीन कुमार सोनू, ओमप्रकाश आर्य, गनेशी लाल पटेल, अमानत रज़ा, जितेन्द्र राजभर, रामस्वरूप चौहान, राजू नरेश वाल्मीकि, मित्रपाल, बोबी सागर, लाडी गंगवार, लक्ष्मण राठौर, अशोक सागर, प्रमोद दिवाकर, राहुल नरेश वाल्मीकि, सोनल भारती, विकास चौधरी आदि मौजूद रहे।






### डीएम ने दिव्यांग को दी ट्राई-साइकिल

**रामपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में बुधवार को सदर तहसील के गांव खमोदिया निवासी दिव्यांग जयपाल को डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने ट्राई–साईकिल दी। शारीरिक दिव्यांगता के कारण उन्हें आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे दैनिक जीवन के आवश्यक कार्यों के संपादन में बाधा उत्पन्न होती है। बुधवार को जिलाधिकारी ने दिव्यांग को ट्राईसाइकिल सौंपी।



### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**मिलक, अमृत विचार :** बुधवार को ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने कहा कि दीनदयाल एक महापुरुष और राष्ट्र निर्माण में उनका अपित्य योगदान रहा है।कार्यक्रम में रजनीश कुमार पटेल अध्यक्ष गन्ना समिति,कुंवर नरेंद्र गंगवार, शुभांक प्रकाश, राम बहादुर गंगवार,नरेंद्र गंगवार,अनिल गंगवार,मूलचंद मौर्य,इंद्रपाल गंगवार,लीलाधर आदि लोगों उपस्थित रहे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुष्यतिथि मनाई

**स्वार, अमृत विचार :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तम नगर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुष्यतिथि मनाई गई। वंदना सभा के बाद प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने सभी आचार्यों के साथ उनके चित्र के दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रधानाचार्य ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं स्वदेशी विचार अंत्योदय गरीबों का उत्थान के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विद्यालय प्रबंधक ख्यालीराम लोधी ने की। कार्यक्रम में सेवा विभाग संभाग संयोजक बृजपाल सिंह यादव ने भी विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर नरोत्तम मौर्य, बृज किशोर मोर्य, उमेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार, गौरव सिंह, अनिल कुमार सागर, प्रकाश बाबू, दिलीप कुमार, विजेंद्र राजपूत, राधा शर्मा, सुनीता रानी मौर्य, अंजली मोर्य, पूजा टैगोर आदि मौजूद रहे।



# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरा हो रहा अंत्योदय मिशन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** शाहबाद रोड स्थित सांवरिया बैंक्वेट हॉल में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को लेकर कार्यक्रम हुआ। मुख्यातिथि पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है।

उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' के सिद्धांत को मूर्त रूप देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना, भाजपा जिलाध्यक्ष


पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलित करते अतिथि। ● अमृत विचार

हरीश गंगवार, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला प्रभारी राजा वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिवबहादुर सक्सेना ने कहा कि आधारभूत संरचना, डिजिटल सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, किसान कल्याण और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं, जिनका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का जो विचार दिया था, उसका मूल उद्देश्य समाज के सबसे गरीब और वंचित वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री

● **पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बोले पूर्व मंत्री**

आवास योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं अंत्योदय के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था, निवेश, रोजगार सृजन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि, राजीव मांगलिक, पारूल अग्रवाल, महेश मौर्य, प्रेमशंकर पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# आधुनिक प्रशासन में एआई की बढ़ी भूमिका

**रामपुर, अमृत विचार:** सेफ इंटरनेट-डे पर विकास भवन सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अजहर अली खां के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि प्रशासन में एआई एक सशक्त उपकरण के रूप में उभरा है, जो कार्यों को अधिक त्वरित, सटीक एवं पारदर्शी बनाता है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान नेशनल इनफॉरमेटिक्स सेंटर के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा एआई की मूल अवधारणा, इसके प्रशासनिक अनुप्रयोग, इससे जुड़े साइबर खतरों पर सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रकाश डाला गया। बताया कि इंटरनेट पर उपलब्ध एआई आधारित टूल्स का उपयोग केवल आधिकारिक, प्रमाणित एवं विश्वसनीय स्रोतों से ही करें।

## न्यूज ब्रीफ

### गेट लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पथराव

**कैला देवी, अमृत विचार :** गांव ततारपुर में निवासी भूरे और विनोद में रास्ते पर गेट लगाकर बंद करने को लेकर विवाद शुरू हुआ। बात बढ़ने पर दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई और पत्थर चलने लगे। वायरल वीडियो में भी दोनों पक्ष एक-दूसरे पर पथराव करते दिखाई दे रहे हैं। मारपीट के दौरान भूरे घायल हो गया। उसने कैला देवी थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### परिवार परामर्श केंद्र में 12 मामलों की हुई सुनवाई

**चंदौसी, अमृत विचार :** पिंक चौकी में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कुल 12 प्रकरणों पर विचार हुआ, जिनमें से 4 मामलों का समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। एक दंपति को आपसी सहमति से पुनः साथ रहने के लिए राजी किया गया, जबकि 3 प्रकरण आवेदक की अनुपस्थिति के कारण बंद किए गए।

### महिला ने लगाया घर में घुसकर चोरी का आरोप

**चंदौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव द्यौरा खास की रहने वाली कृष्णा ने गांव के ही एक व्यक्ति पर घर में घुसकर चोरी करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि 6 फरवरी की रात करीब 10 बजे आरोपी अपने साथियों के साथ उसके मकान में दाखिल हुआ और संदूक में रखी 50 हजार रुपये की नकदी, सोने के कुंडल व पाजेब लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि वह पति के निधन के बाद अकेली रह रही है। उसने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है।

### युवती और उसकी मां से मारपीट, दी तहरीर

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव रतुपुरा में एक युवती ने गांव के ही कुछ लोगों पर उसके और उसकी मां के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा तहरीर दी है। युवती ने बताया कि बुधवार सुबह वह अपने घर के सामने खड़ी थी। गांव के ही चार लोग गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। उसकी मां बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मोबाइल बरामदगी का रिकवरी रेट 44 प्रतिशत से बढ़कर हुआ 60 प्रतिशत, तीन माह में 71.3 प्रतिशत की उपलब्धि**

# पुलिस ने तीन महीने में दो करोड़ के 1000 मोबाइल किये बरामद

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** चोरी और गुम हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी को लेकर संभल पुलिस द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के शानदार परिणाम सामने आये हैं। क्षेत्राधिकारी त आईपीएस आलोक कुमार भाटी ने अभियान की कमान संभाली तो मोबाइल बरामदगी के मामले में संभल ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर लिया।

आलोक भाटी ने संभल में तैनाती के दौरान जहां सर्विलांस के माध्यम से बड़ी आपराधिक वारदातों के खुलासे में अहम भूमिका निभाई वहीं खोये मोबाइल तलाशने के अभियान को अपने हाथ में लिया। उन्होंने



मोबाइल दिखाते लोग, साथ में आईपीएस आलोक भाटी। ● अमृत विचार

बताया कि तीन महीनों में जनपद संभल के 661 तथा अन्य जनपदों के 304 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाये गये हैं। इस प्रकार कुल 1000 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। इन मोबाइल फोन की कीमत दो करोड़

● **आईपीएस आलोक भाटी के नेतृत्व में चल रहा मोबाइल खोजने का अभियान**

से भी ज्यादा है। इनमें 75 प्रतिशत सामान्य स्मार्टफोन हैं वहीं 25 प्रतिशत फोन में मंहगे और आईफोन जैसे ब्रांड भी शामिल हैं। बताया कि पिछले छह वर्षों का औसत मोबाइल रिकवरी रेट जहां 44 प्रतिशत था, उसे बढ़ाकर अब 60 प्रतिशत तक पहुंचा दिया गया है। वहीं यदि केवल पिछले तीन महीनों की बात करें तो रिकवरी रेट 71.3 प्रतिशत रहा है, जो प्रदेश के औसत 38 प्रतिशत से काफी अधिक है।

### मोबाइल बरामदगी को गुजरात व मध्य प्रदेश तक दौड़ी पुलिस

**संभल।** अभियान के पहले चरण में मोबाइल के ईएमआई नंबर व दूसरे तकनीकी तरीकों से यह पता लगाया जाता है कि मोबाइल का इस्तेमाल किस नंबर में किया जा रहा है और मोबाइल की लोकेशन कहां है। आईपीएस आलोक भाटी ने बताया कि पुलिस ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जहां खोये मोबाइल बरामद किये वहीं दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से भी मोबाइल फोन बरामद करने का काम किया।

### थाने व सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज कराएं शिकायत

**संभल।** सीओ आलोक भाटी ने कहा कि मोबाइल खोने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं। साथ ही केंद्र सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। थाने से तब तक न जाएं जब तक सीईआईआर पोर्टल की रिक्वेस्ट आईडी प्राप्त न हो जाए, क्योंकि इसी आईडी के माध्यम से मोबाइल की ट्रैकिंग और बरामदगी की प्रक्रिया प्रभावी रूप से संचालित की जाती है।

### बुधवार को भी लौटाये गये 89 मोबाइल

संभल। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कार्यालय परिसर में मोबाइल वापस करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीओ आलोक भाटी की अगुवाई में 89 मोबाइल फोन इन सभी मोबाइल फोनों के वास्तविक स्वामियों को विधिवत सत्यापन के बाद वापस किये गये। बरामद किए गए मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये आंकी गई है।

## सामाजिक समरसता और संगठन की शक्ति पर जोर

**चंदौसी, अमृत विचार:** नगर पंचायत नरौली में बुधवार को हिंदू सम्मेलन में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की।

वक्ताओं ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए एकता, समरसता और सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से जातिगत भेदभाव छोड़कर मिलजुलकर कार्य करने का आह्वान किया तथा युवाओं को सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं से जुड़ने की प्रेरणा दी। सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। उपस्थित लोगों ने तालियों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने आभार व्यक्त करते हुए समाजहित में निरंतर ऐसे आयोजन करने की बात कही।

# सीएचसी में एमओआईसी से विवाद सपा विधायक का दामाद गिरफ्तार

**विधायक राम खिलाड़ी यादव की डॉक्टर पुत्री के सीएचसी लेट आने को लेकर नोकझोंक**

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में बुधवार सुबह करीब 11:15 बजे उस समय हाईवोल्टेज ड्रामा हो गया, जब प्रभारी चिकित्साधिकारी और सपा विधायक के दामाद के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। विधायक पुत्री अस्पताल में संविदा चिकित्सक हैं। उनकी लेट-लतीफी को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते तकरार में बदल गया। पुलिस ने मामला शांत कराया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया, लेकिन पुलिस ने विधायक के दामाद को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया।

गुन्नौर से सपा विधायक रामखिलाड़ी यादव की बेटी डा. अनीता गुन्नौर सीएचसी में संविदा चिकित्सक हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजकिशोर ने बताया कि डॉ. अनीता के अस्पताल समय से न पहुंचने पर उन्होंने आपत्ति जताते हुए समय की पाबंदी को कहा था। बुधवार सुबह करीब सवा 11 बजे डॉ. अनीता अपने



सीएचसी के डॉक्टरों व आरोपी पक्ष से बात करती पुलिस। ● अमृत विचार

● **सीएचसी परिसर में काफी देर तक मची रही अफरा-तफरी**

● **पुलिस ने विधायक के दामाद का शांति भंग में किया चालान**

पति अनिल यादव के साथ प्रभारी चिकित्साधिकारी के कक्ष में पहुंचीं। इस दौरान अनिल यादव ने अपनी पत्नी को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक शुरू हो गई और मामला इतना बढ़ गया कि दोनों कक्ष से बाहर आ गए।

इस दौरान दोनों के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप हुए। हंगामे के चलते सीएचसी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मरीज और तीमारदार तमाशबीन बने रहे। करीब आधे घंटे तक स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं, जिससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए। काफी देर तक चली वार्ता के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया, लेकिन पुलिस ने एहतियातन विधायक के दामाद अनिल यादव के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी का आरोप है कि अनिल यादव ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत करा दिया गया है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक संदीप मलिक ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई है तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इस पर नजर रखी जा रही है। इधर, विधायक पुत्री और सीएचसी के महिला विंग में नियुक्त डॉ. अनीता का कहना है कि वह समय पर अस्पताल पहुंच कर कार्य निर्वहन करती रही हैं। लेट पहुंचने का आरोप निराधार है। उन्होंने कहा कि सीएचसी में प्रसूताओं के आर्थिक शोषण के खिलाफ आवाज उठाई थी जिससे खुन्नस खाए प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजकिशोर उन्हें प्रताड़ित करते थे। बहरहाल ये मामला जिले के सियासी हलकों में चर्चा में है।

## छात्रवृत्ति आवेदन में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 13 फरवरी

**संभल, अमृत विचार:** वित्तीय शैक्षिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर दशमोत्तर कक्षाओं 11-12 को छोड़कर विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना को लेकर समय-सारिणी जारी कर दी गई है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि छात्रवृत्ति योजनांतर्गत ऑनलाइन आवेदन से लेकर वितरण तक की प्रक्रिया के लिए तिथियां निर्धारित की गई हैं। त्रुटिपूर्ण ऑनलाइन आवेदनों को छात्र-छात्राओं द्वारा स्वयं 13 फरवरी तक संशोधित किया जा सकेगा। संशोधित आवेदन पत्रों को छात्र-छात्राओं को अपनी संबंधित शिक्षण संस्था में जमा करना होगा तथा संस्था स्तर से उन्हें पुनः अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 18 फरवरी निर्धारित की गई है।

उन्होंने शिक्षण संस्थाओं को निर्देशित किया कि वे पात्र अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के त्रुटिपूर्ण आवेदनों को निर्धारित समय के भीतर ऑनलाइन सही कराना सुनिश्चित करें।

## अवैध कब्जों पर चला प्रशासन का बुलडोजर, निर्माण तोड़े



चंदौसी में अवैध निर्माण को तोड़ता बुलडोजर। ● अमृत विचार

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** जनपद न्यायालय के समीप मौलागढ़ क्षेत्र में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, तहसीलदार रवि कुमार तथा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम की मौजूदगी में यह अभियान चलाया गया।

अधिकारियों के अनुसार उक्त भूमि पर करीब दो दशक पूर्व अवैध रूप से दुकानें बनाकर उन्हें किराये पर संचालित किया जा रहा था। प्रशासन द्वारा पूर्व में अतिक्रमणकारियों को नोटिस

● **सरकारी जमीन पर कब्जे न करने की चेतावनी दी**

जारी कर स्वयं निर्माण हटाने का अवसर दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा में इसका पालन नहीं किया गया। इसके बाद नगर पालिका की टीम ने अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के अगले दिन आवासीय हिस्से को भी गिराया गया। अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शेष बचे अवैध ढांचों को भी शीघ्र हटाया जाएगा। साथ ही चेतावनी दी गई है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पत्नी से विवाद के बाद फंदे पर लटका पति

संवाददाता, कैला देवी

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव अमावती में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने फंदे पर लटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवक को संभल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

गांव अमावती निवासी मुरारी और संतोष चचेरे-तेहरे भाई हैं। दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से रिश्तों में खटास चली आ रही है और शादी-विवाह में एक-दूसरे को दावत नहीं दी जाती। मंगलवार को मुरारी के बेटे प्रदीप की सगाई थी। मुरारी ने संतोष से अपने निजी रास्ते से मेहमानों के निकलने की अनुमति मांगी। संतोष इस पर सहमत हो गया, लेकिन

● **संभल के एक निजी अस्पताल में चल रहा इलाज**

उसकी पत्नी गीता ने विरोध किया। इसी बात को लेकर मंगलवार को पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया, जो बुधवार सुबह फिर से बढ़ गया। विवाद के बाद संतोष कमरे में गया और फंदे पर लटक गया। परिजनों ने देखा तो आनन-फानन उसे नीचे उतारा। इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे संभल के एक निजी अस्पताल में ले गए। प्रभारी निरीक्षक कैला देवी जितेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

## सोमवार से लापता बच्ची का नहीं लगा सुराग

कार्यालय संवाददाता, संभल/ कैला देवी

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर से लापता आठ साल की बच्ची का कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों के अलावा पुलिस की कई टीमें भी बच्ची की तलाश में जुटी हैं। सीओ ने गांव पहुंचकर जानकारी ली।

लखनपुर गांव निवासी जीवाराम सोमवार शाम अपनी पत्नी और आठ वर्षीय बेटी संगीता के साथ जंगल में लकड़ी बीनने गए थे। लौटते समय संगीता पीछे रह गई। गांव के मुख्य चौराहे पर डीजे बज रहा था, जहां कुछ ग्रामीणों ने संगीता को देखा था। इसके बाद वह लापता हो गई। संगीता घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने ग्रामीणों के साथ जंगल व आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार



परिजनों से जानकारी लेते सीओ आलोक भाटी। ● अमृत विचार

● **गांव पहुंचे सीओ ने ली जानकारी जंगल में लकड़ी लेने गई थी बच्ची**

को जीवाराम ने कैला देवी थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी। बच्ची को लापता हुए 48 घंटे से अधिक समय बीत चुका है। बच्ची को तलाशने के लिए परिजन व ग्रामीण जंगलों को खंगाल रहे हैं। जीवाराम का कहना है कि उन्हें बेटी के साथ अनहोनी का डर सता रहा है। बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक भाटी गांव पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस टीम आसपास के क्षेत्रों में तलाश कर रही है और संदिग्ध बिंदुओं पर जांच की जा रही है। सीओ ने बताया कि पुलिस बच्ची को तलाशने के लिए प्रयास कर रही है। जल्द ही नतीजा सामने आने की उम्मीद है।

# बाइक खाई में गिरने से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार:** सड़क हादसे में मुरादाबाद के युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद युवक का शव पूरी रात खंदक में पड़ा रहा। मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करते हुए बुधवार दोपहर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे।



मृतक विनय।

मुरादाबाद के थाना बिलारी के गांव खाता हमजापुर निवासी विनय कुमार पुत्र रामकिशोर मंगलवार को सैंडौरा गांव में महेंद्र शाहजी के यहां बरात में शामिल होने आया था। उसकी बहन प्रियंका पत्नी प्रेमशंकर निवासी मेहुआ हसनगंज भी अपने देवर नेम सिंह की बरात में मौजूद थी। देर रात विनय बाइक से बहन के घर लौट रहा था। रजपुरा-बहजोई लिंक मार्ग पर विनय की बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई



विनय की मौत के बाद पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

● **रात भर खंदक में पड़ा रहा युवक का शव**

● **मोबाइल लोकेशन से तलाशते हुए पहुंचे परिजन**

और सड़क किनारे गहरी खंदक में जा गिरी। हादसे के बाद विनय खंदक में ही पड़ा रहा। अंधेरा व सुनसान रास्ता होने के कारण किसी ने उसे नहीं देखा। विनय देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने मोबाइल पर कई बार कॉल की, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। सुबह तक संपर्क न होने पर मोबाइल की लोकेशन निकलवाई गई, जो रजपुरा-सैंडौरा मार्ग के पास दिखाई दी। बुधवार दोपहर करीब दो बजे परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो विनय का शव खंदक में पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार चौधरी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला बाइक अनियंत्रित होकर खंदक में गिरने का प्रतीत हो रहा है। हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। विनय कुमार तीन भाई व तीन बहनों में से एक था।

## आईसीडीएस और समाज कल्याण योजनाओं की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आंगनवाड़ी आईसीडीएस, मिशन शक्ति तथा समाज कल्याण विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आईसीडीएस विभाग के अंतर्गत बच्चों के वजन और लंबाई माप को लेकर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने वीएचएसएनडी सत्रों पर बच्चों की लंबाई और वजन सही ढंग से दर्ज न होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यप्रणाली को बेहतर करने और लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत शत-प्रतिशत लाभार्थियों को आच्छादित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सैम और मैम बच्चों,

● **डीएम ने बच्चों की लंबाई और वजन सही दर्ज न होने पर डीएम ने चेतावनी दी**

एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) चंदौसी, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण और लर्निंग लैब की स्थिति पर भी चर्चा हुई। आईसीडीएस के अंतर्गत आधार सत्यापन और मोबाइल सत्यापन को लेकर जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति की समीक्षा के दौरान कन्या सुमंगला योजना के लंबित आवेदनों पर चर्चा की गई और शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन, फैमिली आईडी, शादी अनुदान योजना, अभ्युदय योजना, आश्रम पद्धति विद्यालय, पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान, निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित अन्य मामलों की समीक्षा की गई।

## न्यूज डायरी

### एनएसएस शिविर में युवाओं ने दिया नशामुक्ति का संदेश



**चंदौसी, अमृत विचार :** एस.एम. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा देवरखेड़ा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन नशा मुक्ति विषय पर किया गया। शिविर की शुरुआत स्वयंसेवकों ने श्रमदान से की, इसके बाद गांव में जागरुकता रैली निकालकर लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताए। युवाओं ने नारों और पोस्टरों के माध्यम से संदेश दिया कि नशा समाज और भविष्य दोनों को नुकसान पहुंचाता है। स्वयंसेवकों ने दुकानदारों से नाबालिगों को तंबाकू व अन्य नशीले पदार्थ न बेचने की अपील की। द्वितीय सत्र में नशा उन्मूलन पर चर्चा हुई और सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ ली। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने नशा मुक्त भारत अभियान की जानकारी देते हुए युवाओं को जागरूक रहने का आह्वान किया।



### बच्चों ने किया माता-पिता का पूजन इंटरमीडिएट के छात्रों को दी विदाई

**सौंधन, अमृत विचार :** कैलादेवी स्थित बाबा रतनगिरि आदर्श इंटर कॉलेज में बुधवार को मातृ-पितृ पूजन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता का पूजन कर आरती उतारी और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अभिभावकों ने भी बच्चों को गले लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। विदाई के दौरान छात्र-छात्राएं भावुक नजर आए। उन्होंने किसी भी भूल के लिए शिक्षकों से क्षमा याचना की और शिक्षा व संस्कार देने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। युवा भारत पतंजलि के जिला प्रभारी यशपाल सिंह शास्त्री, जिला विज्ञान समन्वयक राजू सिंह यादव, विद्यालय प्रबंधक अजय पाल सिंह, प्रधानाचार्य अशोक कुमार यादव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### पात्र लाभार्थियों को ही मिलें राशन कार्ड

**संभल/बहजोई, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं रिक्त राशन दुकानों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंडवार रिक्त एवं लंबित राशन दुकानों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने ब्लॉक को लीड करते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें। जिन स्थानों पर मॉडल शॉप का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है, उनका शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय ने कहा कि मॉडल शॉप ग्राम के निकट ही स्थापित की जाएं, ताकि लाभार्थियों को सुविधा मिल सके। अंत्योदय और पात्र गृहस्थी राशन कार्डों की स्थिति की भी समीक्षा की गई तथा राशन कार्ड सत्यापन रिपोर्ट पर चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राशन कार्ड केवल पात्र लाभार्थियों के ही बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए विशेष अभियान चलाकर पात्र लाभार्थियों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अपात्र लोगों को योजना का लाभ न मिल सके।

### सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव मनाया



**चंदौसी, अमृत विचार :** जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार खिलाड़ी सहित अन्य की उपस्थिति में विद्यालय परिवार ने सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक व सहगामी गतिविधियों की उपलब्धियां साझा कीं। विद्यार्थियों ने देशभक्ति, लोक संस्कृति और धार्मिक विषयों पर आधारित गीत, नृत्य, व्यायाम एवं नाट्य प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। विद्यालय प्रबंध समिति व गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

-खबरें पेज 13 पर भी

## ब्रीफ न्यूज

### प्रवेश के लिए 20 तक करें आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में छात्रों के प्रवेश के लिए 60 प्रतिशत स्वच्छकार समुदाय व अनुसूचित जाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के निर्धन छात्रों को प्रवेश देने की व्यवस्था है। जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने बताया कि कक्षा 11 में 22, 6 में 70, 7 में 20, 8 में 7 और कक्षा 9 में 16 सीटों के साथ वर्तमान में कुल 113 रिक्त स्थान है, जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 फरवरी है। पात्र आवेदकों की सूची 25 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। 15 मार्च को प्रवेश परीक्षा व 23 को परिणाम की घोषणा होगी।

### अयोध्या के लिए दंडवत चले हरी राज भगत

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनगली के गांव इकौदा से हरी राज भगत दंडवत अयोध्या में रामलला का दर्शन करने के लिए रवाना हुए। इससे पहले यात्रा निकाली गई। रात में वह हसनपुर की ओर रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि इसी तरह से दंडवत अयोध्या में रामलला के दर्शन के करेंगे। नगर में निकाली यात्रा में सभासद नीरज कुमार, ओंकार सिंह, धर्मेंद्र राणा, मनोज कश्यप, जसपाल सिंह मौजूद रहे।

# बालगृह में रहने वाले नाबालिगों की जाति, धर्म के उल्लेख पर आपत्ति

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अधिकारियों से तलब किया स्पष्टीकरण, व्यक्त की चिंता

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया, जानकारी गोपनीय रखी जाती है
- नाबालिग सुनीता व अन्य की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग बच्चों को राजकीय बालगृह में रखे जाने के दौरान उनके अभिलेखों में जाति एवं धर्म के उल्लेख के मुद्दे पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निदेशालय के निदेशक और सचिव से यह पूछा था कि क्या राजकीय बालगृह में रह रहे नाबालिगों के परामर्शदाताओं और जिला परिवीक्षा अधिकारी के कार्यालय द्वारा तैयार किए गए अभिलेखों में जाति और धर्म का उल्लेख आवश्यक है। इस विषय पर कोर्ट ने पूर्व में पारित आदेशों के आलोक में महिला कल्याण निदेशालय और राज्य सरकार के अधिकारियों से विस्तृत स्पष्टीकरण तलब किया।

निदेशक एवं सचिव, महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होकर न्यायालय की सहायता करने का निर्देश दिया गया। राज्य सरकार की ओर से अवगत कराया गया कि विभागीय अभिलेखों में संकलित जानकारी गोपनीय रखी जाती है और उसका उपयोग केवल पुनर्वास उद्देश्यों के लिए किया जाता है। सरकार की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता ने कोर्ट को यह भी बताया कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव को, किशोर न्याय (देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 और किशोर न्याय नियम, 2016 के संबंधित प्रावधानों में संशोधन के लिए सुझाव देते हुए पत्र लिखा गया है। बता दें कि नाबालिग सुनीता व अन्य द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकलपीठ ने बाल गृह में रखे जाने वाले नाबालिगों के विवरण में जाति एवं धर्म के उल्लेख पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सरकार व आयोग से जवाब तलब किया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि नाबालिग को विपक्षियों की अवैध अभिरक्षा में रखा गया है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट के पूर्व आदेशों के अनुपालन में नाबालिग को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने यह पाया कि बालिका को कौशल उन्नयन, परामर्श एवं मनोवैज्ञानिक सहायता की आवश्यकता है, जिससे वह अपने भविष्य के संबंध में उचित निर्णय ले सके। इस संबंध में जिला प्रोबेशन अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर 'इंडिविजुअल केयर प्लान' प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिया गया। मामले की अंतिम सुनवाई यानी 3 फरवरी 2026 को राज्य की ओर से यह सूचित किया गया कि नाबालिग वर्तमान में अपने भाई की सुरक्षित अभिरक्षा में है, साथ ही राज्य सरकार द्वारा अधिनियम, 2015 तथा नियम, 2016 में संशोधन हेतु सुझाव केंद्र सरकार को प्रेषित किए जाने की जानकारी भी दी गई। उपरोक्त परिस्थितियों के मद्देनजर कोर्ट ने माना कि अब याचिका लंबित रखने का कोई औचित्य नहीं है। अतः याचिका को निस्तारित कर दिया। गौरतलब है कि कोर्ट ने इससे पूर्व अपने आदेशों में जातिगत महिमामंडन को ''राष्ट्र-विरोधी'' बताया था और वंश के बजाय संविधान के प्रति श्रद्धा की भावना को ''देशभक्ति का सर्वोच्च रूप'' और ''राष्ट्रीय सेवा की सच्ची अभिव्यक्ति'' के रूप में परिभाषित किया था। इसके साथ ही प्रदेश सरकार को एफआईआर, पुलिस दस्तावेजों, सार्वजनिक अभिलेखों, मोटर वाहनों और सार्वजनिक साइनबोर्ड से जातिगत संदर्भों को हटाने के लिए व्यापक निर्देश जारी किए थे।

## शक्ति स्कवॉड ने वीरांगना इलेवन को 11 रनों से हराया

**गजरौला, अमृत विचार:** औद्योगिक नगरी में तीन दिवसीय जुबिलेंट महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग का आगाज हो गया। पहले दिन का मैच शक्ति स्कवॉड की टीम ने वीरांगना इलेवन को 11 रनों की शिकस्त देकर जीत लिया।

बुधवार की दोपहर तीन बजे नाईपुरा में गांव सादुल्लापुर रोड पर स्थित जुबिलेंट की सैकिंड कालोनी के खेल मैदान में जुबिलेंट महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग का शुभारंभ जिला उपभोक्ता फोरम में जज अंजू दीक्षित, रेनू तिवारी, वंदना शुक्ला, ममता गुप्ता, श्वेता शुक्ला नेकिया। शक्ति स्कवॉड की कप्तान माही झा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का जिम्मा लिया। वीरांगना इलेवन टीम 83 रनों पर सिमट गई। विजेता टीम शक्ति स्कवॉड की कविता चांद को सर्वाधिक रन बनाने पर बेस्ट बैटमैन एवं मैन ऑफ दि मैच का खिताब मिला। स्वाति मर्तेलिया बैस्ट बॉलर रहीं। जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, विनय शुक्ला, धीरुपतइया मुक्कु, मैच व्यवस्थापक नीरज सिंह, अरुण प्रताप सिंह, पुनीत तिवारी, रितु तिवारी, ऊषा वर्मा, रूचि मिश्रा, गीता परिहार, ममता सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री से मिले विधायक विकास कार्यों में मांगा सहयोग



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, साथ में अन्य भाजपा नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुख्यमंत्री ने दिया सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने का आश्वासन

**अमृत विचार:** कुंदरकी के भाजपा विधायक रामवीर सिंह ने बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी विधानसभा में कई सम्पर्क मार्गों और पुल निर्माण कार्यों को स्वीकृत करने की मांग की।

विधायक ने नाज़रपुर से गोविंदपुर कला मार्ग पर स्थित भीकनपुर पुल के क्षतिग्रस्त पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य एवं सुरक्षात्मक कार्य निर्माण, ब्लॉक मूढापांडे से कुंदरकी ब्लॉक को जोड़ने वाले जेतिया सादुल्लापुर से जेतिया फिरोजपुर मार्ग पर गागन नदी पर सेतु पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य निर्माण, ग्राम पंचायत भायपुर के मजरा मेमवीनगर घाट बहल्ला नदी पर सेतु निर्माण कार्य, ग्राम परसुपुराबाजे व ग्राम किस्वा नगला के बीच नचना नदी पर सेतु निर्माण व पहुंच मार्ग निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य और ग्राम पंचायत अल्लाहपुर भीकन के कब्रिस्तान से लेकर पंडित नगला के चौराहे तक सड़क निर्माण की मांग की। इसके अतिरिक्त नेशनल हाईवे एनएच 24 डियर पार्क रामनगर मझरा से मिलक अक्का डिलारी, चमरौआ रेलवे फाटक, मुंडिया मलूकपुर, मुंडिया घोसियान, भीतखेडा, जैतपुर विसाहट से मानपुर पट्टी होते हुए आगापुर नेशनल हाईवे रामपुर तक स्टेट हाईवे निर्माण कार्य रझेडा नदी व कोसी नदी पर पुल निर्माण सहित अनुमानित लम्बाई 38 किमी. की स्वीकृति की मांग की।

मुख्यमंत्री ने सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व सांसद वीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे डॉ. नवदीप यादव और भाजपा नेता केके मिश्रा भी मौजूद रहे।

# किलीमंजारो पर तिरंगा फहराने वाले पर्वतारोही सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पर्वतारोही मनोज को सम्मानित करने के दौरान मौजूद आर्य समाज के लोग। ● अमृत विचार

- आर्य समाज के लोगों ने कहा इससे देश व प्रदेश सहित जिले का बढ़ा पूरी दुनिया में मान

**अमृत विचार:** मुरादाबाद प्रेशर ग्रुप की ओर से बुधवार को अफ्रीका की सर्वोच्च चोटी किलीमंजारों पर गणतंत्र दिवस के दिन जिले के पर्वतारोही मनोज कुमार द्वारा तिरंगा फहराकर देश का नाम रोशन करने पर आर्य समाज स्टेशन रोड पर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानेंद्र गांधी और संचालन सरदार गुरविंदर सिंह ने किया।

वक्ताओं ने कहा कि पर्वतारोही मनोज कुमार छोटे भाई अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही माउंट एवरेस्ट विजेता स्व. रवि कुमार के सपनों को साकार कर रहे हैं। इससे पहले मनोज कुमार यूरोप की सर्वोच्च चोटी एल्ब्रोस पर भी तिरंगा फहरा चुके हैं। कार्यक्रम में मानवता की रक्षा करने वाले रोहित जायसवाल को भी सम्मानित किया गया। आयोजन में सामाजिक संस्थाओं आर्य समाज, प्रकृति सेवा समिति, परिवर्तन दि चेंज, अल्फ़ाज़ अपने फाउंडेशन, आओ साथ बढ़ाएं, सीएल गुप्ता आईं बैंक, मुनास, सर्व समाज आप सबकी रसोई, उम्मीद, दिवाकर समाज सेवा समिति, मानव सेवा साथी, ईवाईएलएम, आरोग्य धाम, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन, वंदे भारत, वर्क फाउंडेशन, किन्नर समाज, मुरादाबाद एक्सप्रेस, राजपूत सभा, जाट महासभा, सोल कल्चरल एक्टिविटी फाउंडेशन आदि ने सम्मानित किया।

# बम-बम भोले के जयकारों के साथ जल लेकर आ रहे कांवड़िया

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** बम-बम भोले के जयकारों के साथ कांवड़ियों का हरिद्वार से जल भरकर वापस लौटने का सिलसिला तेज हो गया है। बुधवार को बिजनौर-बदायूं स्टेंट हाईवे पर दिनभर कांवड़ियों के जत्थे गजरौला होते हुए गुजरते रहे। कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई है।

महाशिवरात्रि 15 फरवरी को है जिसके चलते कांवड़िए दिनभर सड़कों से गुजरते रहे। अलीगढ़, बुलंदशहर समेत कई जनपदों के कांवड़ियों का हरिद्वार से जल भरकर वापस लौटने का सिलसिला तेज हो गया। बुधवार को कांवड़ियों के जत्थे वापस लौटते दिखाई दिए। सुरक्षा के साथ जत्थों को पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र से निकाला। कांवड़िए कुमराला चौकी से होते हुए बसेली फाटक वाले रास्ते पर होते हुए नेशनल हाईवे पर चढ़ गए। वहां कांवड़ियों के लिए हाईवे की एक लाइन खाली छोड़ी गई है। हालांकि अभी कांवड़ियों की संख्या कम होने की वजह से ट्रैफिक नहीं रोका गया है। सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने शहर के इंदिरा चौक पर बेरिकेडिंग कर दी है। भाई पुलिस की ड्यूटी भी लगा दी गई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भवालपुर वासली विकास खण्ड असमोली जनपद सम्भल

पत्रांक : 11/ग्रा.पं./वि.कार्य/निविदा/कुटेशन/टेंडर/2025-26 दिनांक : 10.02.2026

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ता एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचायत-भवालपुर वासली, विकास खण्ड असमोली जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार राज्य वित्त आयोग, केंद्र वित्त आयोग, ओ. एस.आर., वी बी-जी राम-जी एवं अन्य विभिन्न मदों जैसे ''मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरूस्कार'' के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से विभिन्न प्रकार के कन्स्ट्रक्शन कार्य जैसे सड़क, नाले, नाली, स्मार्ट क्लासेजं व फर्नीचर (शासकीय विद्यालय के कक्ष में) आदि के साथ प्राथमिक विद्यालय भवालपुर वासली व प्राथमिक विद्यालय धामपुर में कायाकल्प का कार्य, प्राथमिक विद्यालंय भवालपुर वासली व प्राथमिक विद्यालय धामपुर में मिड-डे मील हेतु टीन सैड का कार्य आदि कराये जाने प्रस्तावित है।

उक्त कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार, फर्मे एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय/पंचायत भवन में रखे टेंडर बाक्स/बॉक्स में शीलबन्द निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है, दिनांक 16.02.2026 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दोपहर 2 बजे खोली जायेगी, स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत सचिव के आदेशों पर की जायेगी, सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई एवं बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी, सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग से होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. विभाग की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो, सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेश अनुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक अनुसार नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

उक्त अल्पकालीन निविदा/कुटेशन/टेंडर को सरकारी दरों पर प्रकाशित करने के उपरान्त बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय में प्राप्त करने का कष्ट करें।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2. | बालू/रेता/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3. | बजरफुट/बालू रेत | घन मी. | |
| 4. | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5. | 40 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 6. | ईट प्रथम श्रेणी एम-150एम | प्रति हजार | |
| 7. | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8. | सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80एम.एम. सफेद रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 9. | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वर्टर, सी.सी.टी.वी. कैमरा, अलमारी, दरी, पंखा, डेस्क टॉप, सोलर पैनल, पर्दे आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग (एक) | |
| 10. | दीवार टाईल्स | प्रतिवर्ग मीटर | |
| 11. | फर्श टाईल्स | प्रतिवर्ग मीटर | |
| 12. | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 13. | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14. | मिट्टी दूरी सहित/कार्टेज मिट्टी | प्रति घन मीटर | |
| 15. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई | प्रति घन मीटर | |
| 16. | वाल पेंटिंग, डेम प्रफ वेदर मैक्स प्रूफ पेन्ट | प्रतिवर्ग मीटर | |
| 17. | दीवार पुट्टी/समोशन दो कोट | प्रतिवर्ग मीटर | |
| 18. | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 19. | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20. | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 21. | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22. | आयरन एंगिल, टीनशेड | प्रति किग्रा. | |
| 23. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 24. | सी.सी. बेच लकड़ी की बैंच | प्रति नग | |
| 25. | डस्टबिन/कूड़ा गाड़ी/सफाई किट/ठेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 26. | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट/सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 27. | कीट नाशक/ब्लिचिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी. | |
| 28. | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाइब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 29. | पेन्ट/डिस्टेम्पर/अप्रैक्स | प्रति लीटर | |
| 30. | प्राईमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31. | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32. | हैण्डपम्प रिबोर/नया मरम्मत उपकरण/प्लम्बिंग | प्रति नग/फीट | |
| 33. | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 34. | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 35. | वाल पुट्टी | प्रति बैग | |
| 36. | पी.बी.सी. पाईप | प्रति मीटर | |
| 37. | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 38. | स्टील गाटर डिस्टेंपसर/आर.ओ. शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 39. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 40. | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 41. | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 42. | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 43. | MRP सम्बन्धित सामग्री | प्रति नग | |
| 44. | इंसीनेटर मशीन | प्रति नग | |
| 45. | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | प्रति नग | |

सचिव प्रधान

## न्यूज डायरी



### शिव भक्तों के लिए जगह-जगह भंडारे का आयोजन

**हसनपुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों द्वारा हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपनी मंजिल की ओर चलना प्रारंभ कर दिया है। शिव भक्तों की सेवा के लिए मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। मानसरोवर ग्रीन कॉलोनी में कैंप का विधि विधान से पूजा अर्चना कर बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने शुभारंभ किया। खेम सिंह राणा, इशांत सैनी, संजीव सैनी राहुल राणा अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।



### रोटरी इंटरनेशनल को मिला नया निदेशक, नेपाल के वासुदेव निर्वाचित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी इंटरनेशनल को अपना नया निदेशक मिल गया है। नेपाल के वरिष्ठ रोटेरियन वासुदेव गोलियान रोटरी इंटरनेशनल के नए निदेशक निर्वाचित हुए हैं। बुधवार को संपन्न चुनाव में उन्होंने कुल 1755 मतों में से 981 मत प्राप्त कर 56 प्रतिशत मतों के साथ प्रथम वरीयता में यह उपलब्धि हासिल की। गोलियान का मुरादाबाद और मेरठ से विशेष जुड़ाव रहा है। हाल ही में उन्होंने मुरादाबाद में आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सहभागिता की थी। उनकी इस ऐतिहासिक विजय पर पीडीजी संजीव रस्तोगी, पीडीजी दिनेश कुमार शर्मा, पीडीजी दीपक बाबू, राकेश रस्तोगी, संजय रस्तोगी, अनिल प्रकाश बंसल सहित अनेक रोटेरियनों ने खुशी व्यक्त कर उन्हें शुभकामनाएं भेजीं। डॉ. काव्य सौरभ रस्तोगी ने कहा कि वासुदेव 2027 से 2029 तक कार्य करेंगे।




### शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो जीवन को देता है नई दिशा

**संभल/बहजोई, अमृत विचार :** बाबूराम प्रेमराज सिंह कान्वेंट स्कूल, बहरौली ताहरपुर में शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक चन्द्रभान सिंह एवं प्रधानाचार्य ब्रह्मपाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त कर जीवन में सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो व्यक्ति के जीवन को नई दिशा देता है और उसे ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होता है। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9 और 10 के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह में बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत परिणाम लाने के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए मिष्ठान एवं जलपान की व्यवस्था भी की गई।



### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के मंडल डिलारी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। वक्ताओं ने उनके जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष रामपुर मनमोहन सैनी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने एकात्म मानववाद के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का मार्ग दिखाया। जिला महामंत्री अर्जुन चौधरी ने कहा कि उनके सिद्धांतों को आत्मसात कर ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र सेवा की जा सकती है। इस अवसर पर राजन बिश्नोई, राम सिंह चौहान, कमल प्रजापति, चंद्र प्रकाश, चंद्रपाल सैनी, सतपाल सिंह, अभय चौधरी, चकित चौधरी, बलीचरण वाल्मीकि सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

# वकीलों ने पुलिस के खिलाफ किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर



तहसील गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुंसिफ कोर्ट परिसर में उप निरीक्षक एवं अधिवक्ता के बीच हुई घटना के बाद अधिवक्ताओं पर हुए मुकदमे के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन द्वारा प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की।

मुंसिफ कोर्ट परिसर में उप निरीक्षक एवं अधिवक्ता मनीराम के बीच हुई मारपीट के बाद उप निरीक्षक की तहरीर पर अधिवक्ताओं पर हुए मुकदमे के विरोध में बुधवार को गांव करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय के गेट पर अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। मांग करते हुए कहा कि उप निरीक्षक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। जब तक आरोपी के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जाएगी जब तक अधिवक्ता शांत नहीं बैठेंगे। प्रदर्शन करने वालों में बार महासचिव बृज किशोर, राजीव शर्मा, श्योराज सिंह राणा, मेघराज सिंह, वीर सिंह, मंगलसैन शर्मा, संजय चौहान, चरण सिंह, सतपाल सिंह, आफताब आलम, सुनील कुमार सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पूर्व बार अध्यक्ष सहित तीन पर रिपोर्ट

मामले में चौकी प्रभारी की तहरीर के आधार पर सिविल बार कोर्ट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सहित तीन नामजद सहित दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक के अनुसार मंगलवार को मुंसिफ कोर्ट में शहर चौकी इंचार्ज राम प्रकाश सिंह एक मुकदमे में न्यायालय से बयान लेने की अनुमति लेने गए थे। इसी दौरान अधिवक्ता मनीराम ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उप निरीक्षक को घेर लिया और कहासुनी के बाद मारपीट शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्र अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उप निरीक्षक को सुरक्षित बाहर निकाला। उप निरीक्षक रामप्रकाश की तहरीर के आधार पर बार के पूर्व अध्यक्ष सुनील शर्मा, अधिवक्ता मनीराम सहित तीन नामजद एवं दो अज्ञात कुल मिलाकर पांच लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बढ़त डालने सहित अन्य धारों में मुकदमा दर्ज किया गया। दूसरी तरफ अधिवक्ता मनीराम ने पुलिस के दावों को नकारते हुए निरीक्षक पर ही मारपीट करने का आरोप लगाया है।

## एआई के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर बुधवार को जिले में स्मार्ट टेक, सेफ च्वाइस एआई के सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोग के संबंध में विकास भवन स्थित बापू सभागार में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अंकित चौहान ने इंटरनेट एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सुरक्षित, जिम्मेदार एवं नैतिक उपयोग पर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने एआई आधारित साइबर धोखाधड़ी, डीपफेक वीडियो, नकली आवाज कॉल, फिशिंग, ओटीपी/यूपीआई फ्रॉड एवं सोशल मीडिया दुरुपयोग जैसे विषयों पर उदाहरणों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। साइबर अपराध की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन एवं cybercrime.gov.in पोर्टल पर रिपोर्ट करने की प्रक्रिया भी बताई। डिजिटल सुरक्षा पर जोर दिया गया।

# रोडवेज से टकराई निजी बस, यात्रियों में चीख पुकार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- निजी बस के ब्रेक पैडल अचानक फेल होने से हादसा

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार निजी बस का ब्रेक पैडल अचानक फेल हो गया, जिससे वह आगे चल रही रोडवेज बस से टकरा गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

यह हादसा रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर हुआ। दरअसल मंगलवार रात प्राइवेट बस दिल्ली से बरेली की ओर जा रही थी। बस में लगभग 30 यात्री सवार थे। इस दौरान रजबपुर के पास बस का ब्रेक पैडल फेल हो गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। अनियंत्रित बस आगे चल रही रोडवेज बस से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्राइवेट बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई जिनको प्राथमिक उपचार दिया गया। रजबपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रियों को बाहर निकाला।

पुलिस ने दोनों बसों को सड़क किनारे कराया, जिससे यातायात सामान्य हो सका। क्षतिग्रस्त प्राइवेट बस को पुलिस ने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है। थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि ब्रेक पेडल फेल होने के चलते प्राइवेट बस रोडवेज से टकरा गई थी। जांच की जा रही है।

